
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 14 अंक - 348 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 30 सितंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर



### रायगढ़ बैंक डकैती सुलझाने वाले पुलिस कर्मियों को मिलेगा आउट आफ टर्न प्रमोशन, सैलरी इंक्रीमेंट और नकद पुरस्कार भी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ जिसे के एक्सिस बैंक डकैती केस को 24 घंटे के भीतर सुलझाने वाली रायगढ़ और बलरामपुर जिले की पुलिस के लिए सम्मान एवं विशेष प्रोत्साहन देने की बात कही है। बिहार के गैंग द्वारा रायगढ़ जिले के एक्सिस बैंक में करोड़ों रूपए की डकैती को अंजाम दिया गया था। लेकिन छत्तीसगढ़ पुलिस की तत्परता और आपसी सामंजस्य की वजह से इसी तरह से बैंक डकैतियों को अंजाम देने वाला गैंग 24 घंटे के भीतर ही शत प्रतिशत रकम के साथ पकड़ा गया।

छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा इस डकैती को सुलझाने और बिहार के बैंक डकैती गैंग को पकड़ने के पश्चात छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा द्वारा इस केस में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को आउट आफटर्न प्रमोशन, सैलरी इंक्रीमेंट ,नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करने की अनुशंसा की है, जिले मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने यथावत स्वीकार करने की बात कही है ।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ पुलिस अपनी पूरी कर्तव्यनिष्ठा के लिए काम कर रही है और उत्कृष्ट कार्यों का सम्मान उन्हें मिलना चाहिए। इस अवसर पर रायगढ़ जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार तथा बलरामपुर जिले के पुलिस अधीक्षक श्री लाल उमेद सिंह ने बैंक डकैती सुलझाने में शामिल पुलिस कर्मियों के साथ मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए उनका आभार प्रकट किया।

# भाजपा के चुनावी मंथन से निकला रिजल्ट जीत रहे 40 सीटें, 15 पर कांटे की टक्कर

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**भिलाई। भाजपा केन्द्रीय चुनाव समिति की दो दिवसीय बैठक दिल्ली में शुरू हो गई है। इस बैठक में तीन चुनावी राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व राजस्थान के लिए प्रत्याशियों के नामों पर अंतिम मुहर लगाई जाएगी। इन्हीं दो दिनों के भीतर छत्तीसगढ़ के प्रत्याशियों की दूसरी सूची भी जारी होने की पूरी संभावना है। दूसरी सूची में करीब 40 उम्मीदवारों का ऐलान हो सकता है। राज्य में आज पार्टी की परिवर्तन यात्रा का समापन है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बिलासपुर में बड़ी सभा भी रखी गई है। इधर, खबर आ रही है कि गृहमंत्री अमित शाह व भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा की अगुवाई में विगत दिनों हुई बैठक में पार्टी के नेताओं ने यह स्वीकार किया है कि छत्तीसगढ़ में कुल 40 सीटों पर पार्टी की जीत तय है। वहीं 15 सीटों पर कांटे का मुकाबला होने के आसार है। भाजपा फिलहाल इन्हीं 15 सीटों को अपने पाले में करने की जुगत लगा रही है।**

भाजपा को इस बार बस्तर से काफी आशाएं हैं। इसीलिए एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बस्तर दौरा तय किया गया है। बस्तर के अलावा सरगुजा क्षेत्र में भी भाजपा को इस बार ठीक-ठाक सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा सूत्रों का दावा है कि यदि इन दोनों संभागों से पार्टी को 15 या इससे ज्यादा सीटें मिल जाती है तो प्रदेश में भाजपा की सरकार बनना तय हो जाएगा। बताते हैं कि सरगुजा के भाजपाई काफी समय से इस जुगत में हैं कि पीएम मोदी की वहां सभा व रोड शो कराया जाए। हालांकि अब तक इसके लिए मंजूरी नहीं मिल पाई है। फिलहाल पार्टी का पूरा फोकस बेहतर से बेहतर प्रत्याशी उतारने पर है। पहली सूची के बाद अब तक जो विलम्ब हुआ है, उसकी वजह भी यही है। इससे पहले केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ ही राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में अहम् बैठक ली थी। इस बैठक में प्रदेश भाजपा के प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल व संगठन महामंत्री पवन साय आदि मौजूद थे। इस बैठक में प्रत्याशियों के चयन से लेकर चुनावी घोषणा पत्र, पीएम मोदी की सभा को सफल बनाने समेत कई और भी अहम् मसलों पर चर्चा हुई। करीब 5 घंटे तक चली इस बैठक में मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़वाने पर फैसला किया गया।



### बस्तर के 10 प्रत्याशियों के नाम

बताया जाता है कि पार्टी की दूसरी सूची में बस्तर क्षेत्र के 10 प्रत्याशियों के नाम भी शामिल हैं। पहली सूची में बस्तर की 2 सीटों पर नाम घोषित किए गए थे। यह सूची प्रधानमंत्री के 3 अक्टूबर के बस्तर दौरे से पहले जारी होने की बातें कही जा रही है। शनिवार और रविवार को भाजपा केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक है। इन्हीं दोनों दिनों में प्रत्याशियों का ऐलान भी किया जा सकता है। प्रदेश प्रभारी ओम माथुर के मुताबिक, भाजपा सिस्टम से चलने वाली पार्टी है, इसलिए केन्द्रीय कमेटी के निर्णय के बाद ही प्रत्याशियों की सूची घोषित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर और पार्टी के व्यस्त कार्यक्रमों की वजह से प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी नहीं हो पाई थी। लेकिन अब जल्द ही घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने कांग्रेस के 75 पार के दावे पर तंज कसते हुए कहा कि जनता को कथनी और करनी का अंतर समझ में आ गया है। भाजपा इस बार किसी तरह की ढिलाई बरतने के मूड़ में नहीं है। इसलिए पूरी तरह से ठोक-बजाकर ही प्रत्याशी तय किए गए हैं।

### परिवर्तन यात्रा से बदला माहौल

भाजपा के शीर्षस्थ नेताओं ने माना है कि बस्तर और सरगुजा से निकली परिवर्तन यात्राओं से माहौल में बदलाव आया है। लेकिन यह बदलाव सत्ता तक पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं है। पार्टी के नेताओं ने माना कि वर्तमान स्थिति तक भाजपा 40 सीटें जीतने की स्थिति में पहुंच चुकी है, जबकि सत्तारूढ़ दल कांग्रेस भी इतनी ही सीटों पर मजबूत हालत में है। दोनों दलों के बीच 15 सीटों पर बराबरी का मुकाबला है। पार्टी नेताओं का मानना है कि यदि इन 15 सीटों में से 8 से 9 सीटों पर जीत हासिल हो जाती है तो सरकार बनाने का रास्ता साफ हो जाएगा। भाजपा शीर्ष नेतृत्व का पूरा जोर है कि किसी तरह से छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की विदाई की जाए। इसीलिए प्रत्येक क्षेत्र के लिए दमदार और जिताऊ प्रत्याशी की तलाश की गई है। सूत्र बताते हैं कि पार्टी ने सभी 90 सीटों के लिए नाम तय कर लिए हैं। पहली सूची के बाद दूसरी सूची के लिए विलम्ब इसलिए भी हुआ है क्योंकि वरिष्ठ नेता यह देखना चाह रहे थे कि प्रत्याशियों के ऐलान से कार्यकर्ताओं में नाराजगी का स्तर कितना होता है।

### कांग्रेस का आरोप - प्रत्याशी नहीं मिल रहे

सीएम भूपेश बघेल ने हाल ही में आरोप लगाया था कि भाजपा के पास उम्मीदवारों का टोटा हो गया है। इसे ढूंढने पर भी प्रत्याशी नहीं मिल रहे, इसलिए अब वह अपने सांसदों पर दांव लगा रही है। लेकिन भाजपा के जानकारों की मानें तो बात सिर्फ इतनी ही नहीं है। पार्टी के नेताओं का मानना है कि सत्ता के इतने करीब आने के बाद किसी तरह की चूक आने वाले 5 साल के लिए असहनीय दर्द बन सकती है। इसलिए सांसदों को चुनाव लड़ने का कठिन फैसला करना पड़ा है। पार्टी के नेताओं ने उन 21 सीटों में भाजपा की स्थिति को लेकर भी मंथन किया है, जहां अगस्त में प्रत्याशी घोषित किए गए थे। इनमें से ज्यादातर सीटों पर हालातों को संतोषजनक पाया गया है। भाजपा के नेताओं ने क्षेत्र में दावेदार की राजनीतिक स्थिति, आम लोगों के साथ उसका व्यवहार, जीत की संभावना के साथ ही सामाजिक व जातीय समीकरणों को भी ध्यान में रखा है। इसी के बाद नामों को अंतिम रूप दिया गया है। बताया जा रहा है कि अब सिर्फ केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में नामों को अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। बाकी की सारी औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी है। इस बार कई सीटों पर बहुत पुराने और एकदम नए चेहरे भी दिख सकते हैं।

कानफोड़ू साउंड पर हाईकोर्ट सख्त

## ध्वनि प्रदूषण रोकने में बेअसर जिम्मेदार अधिकारी, मांगा हलफनामा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** डीजे के कारफोड़ू सांउड को लेकर हाईकोर्ट सख्त दिख रहा है। उत्सव के नाम पर जगह जगह डीजे बजाकर लोगों को परेशान करने वालों के खिलाफ सरकार ने अब तक क्या एक्शन लिया इसका



एक हलफनामा प्रस्तुत करने हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है। इस मामले को हाईकोर्ट ने स्वत: ही संज्ञान में लेकर सुनवाई की है। हाईकोर्ट ने माना है कि ध्वनि प्रदूषण रोकने में सरकार के जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह बेअसर हैं।

बता दें त्योहारी सीजन में कानफोड़ू डीजे के कारण लोगों की जान पर बन आई है। डीजे लेकर सड़कों पर विसर्जन यात्रा निकालने वालों को कोई रोकने टोकने वाला नहीं है। डीजे के कारण बच्चों व बुजुर्गों पर विपरीत असर पड़ता है। इस मामले को मुख्य न्यायाधिपति द्वारा स्वत: संज्ञान में लेते हुए विषय की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण WPPIL 88/2023 दर्ज कर सुनवाई की गई। सुप्रीम कोर्ट तथा हाईकोर्ट द्वारा इस विषय पर दिये गये पूर्व के आदेशों का उल्लेख करते हुए अंतरिम आदेश पारित किया है ।

मुख्य न्यायाधिपति ने माना कि ध्वनि प्रदूषण की वर्तमान स्थिति से स्पष्ट है जिम्मेदार राज्य अधिकारियों की ओर से एक अपमानजनक कृत्य के अलावा और कुछ नहीं है। ध्वनि प्रदूषण के खतरे को रोकने में कोई भी प्रयास करने में विफल रहे हैं । सर्वोच्च न्यायालय के साथ साथ इस न्यायालय द्वारा विभिन्न आदेश निर्देश पारित करने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। युगल पीठ ने नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ सरकार को इस मामले में उत्सवों के अवसरों के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों व डीजे द्वारा उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण के खतरे को खत्म करने के लिए किए गए प्रयासों के संबंध में एक विस्तृत हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है।

## वायुसेना की ताकत देख मंत्र मुग्ध हुए लोग, 65 लड़ाकू विमानों ने दिखाए हैरतअंगेज कलाबाजियां

**भोपाल ( एजेंसी )।** भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने शनिवार (30 सितंबर) को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के मशहूर बड़े तालाब के ऊपर एयर शो में अपनी ताकत दिखाई. वायु सेवा के जांबाज फाइटर पायलट्स ने आसमान में हैरतअंगेज कलाबाजियां दिखाकर हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एयरशो में 65 लड़ाकू विमान शामिल हैं, जिन्हें आसमान में उड़ाने में महिला पायलट भी शामिल हुई हैं। कुछ लड़ाकू विमान आगरा, ग्वालियर और गाजियाबाद से उड़ान भरकर भोपाल के बड़े तालाब के ऊपर कलाबाजियां कर रहे थे। इनमें खास तौर पर तेजस, आकाश गंगा, रुद्र, बादल, शमशेर, त्रिशूल, सारंग, जगुआर और सूर्य किरण फाइटर प्लेंस के प्रदर्शनों ने लोगों का दिल जीत लिया।



एयर शो में चिनूक हेलीकॉप्टर ने भी हिस्सा लिया जो लोगों के लिए ख़ास आकर्षण था। इस एयर शो के जरिए वायु सेना ने अपनी युद्धक क्षमता का धमाकेदार परिचय दिया है। लोगों ने अपने मोबाइल फोन पर एयर शो की वीडियो बनाने में भी उत्साह दिखाया।

## राजधानी में एनआईए की छापेमारी, तीन आईएसआईएस आतंकियों की तलाश

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) दिल्ली में आईएसआईएस आतंकियों की तलाश कर रही है। तीन आतंकियों के राजधानी में छिपे होने की आशंका जताई जा रही है। मीडियो रिपोर्ट्स के अनुसार, आतंकियों के नाम मोहम्मद शाहनवाज आलम उर्फ शैफी उज्जमा उर्फ अब्दुल्ला, रिजवान अब्दुल हाजी अली और अब्दुल्लाह फ्याज शैख हैं। एनआईए ने इनपर तीन-तीन लाख रुपये का इनाम रखा है।



पिछले दिनों एनआईए ने गैंगस्टर और खलिस्तानी-आतंकियों के खिलाफ बड़ा फैसला लेते हुए देश के कई राज्यों में छापेमारी की थी। गैंगस्टरों की तलाश में एनआईए ने दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और उत्तराखंड के 50 से ज्यादा इलाकों में छापेमारी की थी।

एनआईए ने यह कदम आतंकवादियों और ड्रग्स डीलर्ज के बीच साठगांठ को खत्म करने के मकसद से उठाया। दरअसल, भारत में बैठे आतंकी मददगार विदेशों में रहे रहे आतंकियों और गैंगस्टरों को हवाला चैनल के माध्यम से हथियार और ड्रग्स की सप्लाई करते हैं।

## नहीं बढ़ेगी नोट बदलने की डेडलाइन, आज आखिरी मौका, फिर कागज के टुकड़े बराबर रह जाएगी वैल्यू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नोटबंदी के बाद प्रचलन में आए 2000 रुपए के नोट को चलन से बाहर करने की घोषणा के बाद 30 सितंबर को इन्हें बदलवाने की अंतिम तिथि है। शनिवार को बैंक में सीधे इन नोटों को बदलवाया जा सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार, 1 अक्टूबर से बैंकनोट का मूल्य समाप्त हो जाएगा और यह सिर्फ कागज का एक और टुकड़ा होगा। 30 सितंबर की समय सीमा के बाद भी 2000 रुपए के नोट वैध बने रहेंगे, लेकिन उन्हें लेनदेन में स्वीकार नहीं किया जाएगा। 30 सितंबर की डेडलाइन के बाद नोटों को केवल आरबीआई से बदला जा सकता है।

बता दें भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अधिनियम, 1934 की धारा 24 (1) के तहत नवंबर 2016 में 2000 रुपए मूल्यवर्ग के नोट पेश किए गए थे। ऐसा उस समय प्रचलन में मौजूद सभी 500 और 1000 रुपए नोट चलन से बाहर करने के कारण किया गया। आरबीआई ने बताया कि मुद्रा आवश्यकता को तेजी से पूरा करने के लिए 2000 रुपए के नोट पेश किए गए। नोटों को पेश करने का उद्देश्य तब पूरा हो गया जब अन्य मूल्यवर्ग के बैंक नोट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो गए। इसे देखते हुए और आरबीआई की 'स्वच्छ नोट नीति' के तहत नोटों को वापस लेने का फैसला किया गया है।



### 93 प्रतिशत करेंसी वापस बैंकों के पास

2000 रुपए के नोट को चलन से बाहर करने के बाद इसे बैंकों में जमा करने आरबीआई ने निर्देश दिया था। 30 सितंबर को इन नोटों को बदलने की तिथि की घोषणा के बाद अब तक बैंकों में 93 फीसदी नोट वापस आ चुके हैं। आरबीआई ने बताया कि एक मई से अब तक करीब 93 प्रतिशत करेंसी नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं। बैंकों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 31 अगस्त, 2023 तक प्रचलन से वापस आए 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.32 लाख करोड़ रुपए था।

## आखिर राहुल ने तय कर दी राजनीति की दिशा

श्रीकंचनपथ




वायनाड सांसद और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने आखिरकार राजनीति की दिशा और दशा तय कर ही दी। राहुल की पदयात्रा का मजाक बनाने वाली भाजपा ने पहले जहां यात्राएं निकालनी शुरू कीं वहीं अब वह टिफिन पालीटिक्स की तरफ झुक गई है। इसमें भाजपा के बड़े नेता सभी समाज के लोगों के साथ मिलेंगे और उनके साथ भोजन करेंगे। उद्देश्य होगा उनकी बातों को सुनना, उनकी आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को करीब से समझना। राहुल पिछले कई वर्षों से ऐन ऐसा ही कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी उनका पूरा फोकस लोगों से मिलने, उनकी बातें सुनने और उनकी जरूरतों का पता लगाने पर रहा है। वे जहां भी जाते हैं, जिसके भी घर में बैठते हैं, उनके साथ उनका ही भोजन करते हैं। भाजपा भी अब भोजन पर चर्चा करने को उतावली है। मध्यप्रदेश में भाजपा के बड़े नेता, जिनमें प्रदेश अध्यक्ष भी शामिल हैं ने टिफिन पालीटिक्स की शुरुआत की। वे अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ जमीन पर बैठकर भोजन करने लगे हैं। कई तस्वीरों में वे अपने हाथों से लोगों को भोजन परोसते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। देखते ही देखते यह परिपाटी प्रदेश के कई जिलों और पड़ोसी राज्यों तक फैल गई। इसका प्रमुख उद्देश्य है कार्यकर्ताओं के बीच भाईचारा स्थापित करना तथा उनके करीब जाना। चुनावों के दौरान सबसे ज्यादा मुश्किल कार्यकर्ताओं को अपने साथ बनाए रखना होता है। टिकट वितरण होते ही लगभग सभी दलों में फूफाजी पैदा हो जाते हैं। कुछ बगावत कर बैठते हैं तो अधिकांश लोग चुप्पी साधकर घर बैठ जाते हैं। कुछ लोग ऊपर से तो साथ नजर आते हैं पर दरअसल, गुपचुप भितरघात की तैयारी कर रहे होते हैं। पार्टी को उम्मीद है कि साथ बैठकर भोजन करने से आपसी मनमुटाव और तल्खी को समय पर सुलझाया जा सकेगा। पर छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं को जो निर्देश मिले हैं, वो इससे आगे तक जाते हैं। पिछली बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय नेता अमित शाह ने दो टूक कहा है कि सभी समाज के लोगों के साथ संबंध जोड़ने हैं। उनके साथ मिलना बैठना है। साथ-साथ भोजन करना है। इस दौरान उनसे खुल कर बातें करनी है और उनके मन की थाह पाना है। साथ ही उन्हें विभिन्न मुद्दों पर पार्टी के दृष्टिकोण से अवगत कराते हुए उनका समर्थन हासिल करना है। इसके अलावा भाजपा द्वारा बनाए गए आरोपपत्र के मुद्दों को उनके सामने रखना है और भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस को घेरने की कोशिश करनी है। अब तक यही माना जाता रहा है कि भाजपा के पास अपना एक एजेंडा है जिसे पूरा करने के लिए वह विपक्ष मुक्त भारत की कल्पना करती है। बुनियादी तौर पर वह आरक्षण के भी खिलाफहै। पर केन्द्र में अपना दूसरा कार्यकाल पूरा करने से पहले ही उसे समझ में आ गया है कि लोकतंत्र में ऐसा नहीं चलता।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....




अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

## संपादकीय

### कनाडा को संदेश

अलगावादियों के प्रति कनाडा का लगाव भारत ही नहीं, श्रीलंका और बांग्लादेश के भी निशाने पर आ गया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्री ए के अब्दुल मोमेन ने दोटूक कहा है कि कनाडा हत्यारों का गढ़ बन गया है। उन्होंने बांग्लादेश के जनक शेख मुजीबुर रहमान के हत्यारे का प्रत्यर्पण न करने के लिए कनाडा की तीखी आलोचना की है। बांग्लादेश के मंत्री की टिप्पणी तब आई है, जब भारत लगातार अपनी नाराजगी का इजहार कर रहा है। कनाडा ने एक घोषित आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का दोष भारत पर मढ़ दिया है, पर अभी तक प्रमाण पेश नहीं किए हैं। इस वजह से भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ गया है। भारत की शिकायत के साथ बांग्लादेश ने भी अपना स्वर मिला दिया है। यह सच है कि कनाडा कथित उदारवादी लोकतंत्र के नाम पर कई देशों के चरमपंथियों व अपराधियों को प्रश्रय दिए हुए है। बांग्लादेश के अलावा श्रीलंका के विदेश मंत्री ने भी कनाडा को आड़े हाथों लिया है। दरअसल, लंबे समय से कनाडा आगे बढ़-बढ़कर श्रीलंका की आलोचना करता आया है। यह सच है, अनेक देशों की तरह कनाडा को भी आतंकी संगठन लिट्टे द्वारा की गई हिंसा नजर नहीं आती, पर श्रीलंका सरकार पर ये देश नरसंहार के आरोप लगाते रहे हैं। आज भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश जैसे देशों के लिए यह जरूरी है कि ये अपनी आवाज उठाएं, ताकि पश्चिमी देशों का नजरिया बदले। मानवाधिकार और कथित उदारवाद के नाम पर पश्चिम के देशों को भारत जैसे देश की आलोचना करने की आदत-सी पड़ गई है। पश्चिम के अनेक देश अपराधियों को भी स्वतंत्र अभिव्यक्ति के नाम पर आश्रय देने लगे हैं। आतंकी निज्जर के मामले में यह बात सामने आ गई है कि उसके साथ कनाडा के खुफिया अधिकारी मिला करते थे। क्या कनाडा के खुफिया अधिकारियों को यह पता नहीं होगा कि निज्जर का मकसद क्या है? जो कनाडा सरकार आए दिन खालिस्तान समर्थकों को प्रदर्शन की छूट दे रही है, क्या उसे पता नहीं है कि भारत ने कितनी कुर्बानी देने के बाद पंजाब में शांति कायम की है और पंजाब में लगातार लोकतांत्रिक ढंग से सरकारें चुनी जा रही हैं? वह आखिर भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका में अतिवादी तत्वों को क्यों बढ़ावा देना चाहता है? कनाडा को वास्तविक लोकतांत्रिक उदारवाद की ओर लौटना चाहिए। अतिवाद को प्रश्रय देने का परिणाम पाकिस्तान से बेहतर भला कौन जानता है? आतंकवाद को प्रश्रय देते-देते पाकिस्तान आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक बदहाली की खाई में पहुंच गया है। भारत ने बार-बार कहा है कि पड़ोसी देश आतंकवाद का रास्ता त्याग दे, उनका पक्ष न ले, लेकिन पाकिस्तान ने अच्छी सलाह पर कान देना कभी मुनासिब नहीं समझा। नतीजा सामने है। आतंकवादियों को पालने-पोसने वाला पाकिस्तान आज स्वयं आतंकित है। शुक्रवार को बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में एक मस्जिद के पास धार्मिक सभा पर आत्मघाती हमले में 50 से अधिक लोगों की जान जाने की खबर है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की एक मस्जिद में भी विस्फोट हुआ, जिसमें कई लोगों की मौत हुई है। आतंकवाद व कट्टरता को बढ़ावा देते हुए पाकिस्तान ने अपने लिए ऐसे हालात पैदा कर लिए हैं कि मस्जिद आना भी सुरक्षित नहीं रहा। कनाडा जैसे कथित उदारवादी देश को भी अतिवादियों को प्रश्रय देने से बाज आना चाहिए और समग्र दक्षिण एशिया में अमन-चैन को बढ़ावा देने के बारे में सोचना चाहिए।

“ क्या कनाडा के खुफिया अधिकारियों को यह पता नहीं होगा कि निज्जर का मकसद क्या है? जो कनाडा सरकार आए दिन खालिस्तान समर्थकों को प्रदर्शन की छूट दे रही है, क्या उसे पता नहीं है कि भारत ने कितनी कुर्बानी देने के बाद पंजाब में शांति कायम की है और पंजाब में लगातार लोकतांत्रिक ढंग से सरकारें चुनी जा रही हैं?

## पिटे नारों के सहारे!

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव का माहौल गरमा रहा है। वहां सत्ता के बड़े दावेदार अब खुद को प्रचार में झोंक रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर वैचारिक दिवालियापन का शिकार होने और अर्बन नक्सल्स के हाथ में खेलने का आरोप लगाया। अर्बन नक्सल की बात एक नैरेटिव है, जिसके जरिए गुजरे कुछ वर्षों से भाजपा अपने विपक्षियों को घेरती रही है। इसलिए इस आरोप को नजरअंदाज किया जा सकता है। लेकिन जहां तक वैचारिक दिवालियेपन की बात है, तो कांग्रेस सहित तमाम विपक्ष के संदर्भ में कई बार यह बात दमदार लगती है। मोदी सरकार के साढ़े नौ वर्ष के शासनकाल में अगर विपक्षी पार्टियां जनता को यह नहीं बता पाई हैं कि उनका सकारात्मक एजेंडा क्या है, तो ऐसे आरोप अगर उन पर चिपकते दिखें, तो उसके लिए कौन जिम्मेदार है? कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने विदेश दौरों के समय कुछ नया चिंतन सामने रखते सुने जाते हैं। मगर देश लौटने के बाद वे बातें उनके शब्दकोश से कहीं गायब हो जाती हैं। यहां उन्हें लगता है कि जज्बाती मुद्दे ही चुनाव जीतने का फॉर्मूला हैं। इस सिलसिले में उनमें जातीय जनगणना और ओबीसी की उपेक्षा को लेकर प्रेम और जगा है। केंद्रीय सचिवों में सिर्फ तीन ओबीसी होने की बातें वे जनसभाओं में उस तरह कह रहे हैं, जैसे कि यह कोई नई जानकारी वो ढूंढ लाए हैं। उन्हें लगता होगा कि इससे ओबीसी जातियां कांग्रेस के पक्ष में गोलबंद हो जाएंगी। मगर दिक्कत यह है कि यह राजनीति दशक भर से ज्यादा पुरानी हो चुकी है। इस बीच भाजपा ने जातीय प्रतिनिधित्व की राजनीति इतनी कुशलता से की है कि दलित या ओबीसी की बड़ी आइडेंटिटी के आधार पर उस श्रेणी में आने वाली तमाम जातियों के ध्रुवीकरण की जमीन खिसक चुकी है। ऐसा नहीं होता, तो मंडलवादी पार्टियां आज दिग्भ्रमित और संघर्ष करती नज़र नहीं आतीं। जाहिर है, राहुल गांधी जिन नारों का सहारा ले रहे हैं, उनका एक्सपायरी डेट गुजर चुका है। उधर इस क्रम में यह भी संभव है कि राहुल गांधी के नारों से कांग्रेस के कुछ परंपरागत समर्थक बिदक जाएं।

## अब अमेरिका को आईना!

जयशंकर ने ना सिर्फ कनाडा को सख्त संदेश दिया, बल्कि अमेरिका को भी आईना दिखाने की कोशिश की। जयशंकर के भाषण ऐसी कई बातें आईं, जो अक्सर आजकल चीनी राजनयिकों के भाषणों में सुनने को मिलती हैं।

संयुक्त राष्ट्र में विदेश मंत्री एस जयशंकर के संबोधन का लब्बोलुआब संभवतः यह है कि भारत ने पश्चिमी देशों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जयशंकर ने वहां से ना सिर्फ कनाडा को सख्त संदेश दिया, बल्कि अमेरिका को भी आईना दिखाने की कोशिश की। जयशंकर के भाषण ऐसी कई बातें आईं, जो अक्सर आजकल चीनी राजनयिकों के भाषणों में सुनने को मिलती हैं। मसलन, उन्होंने कहा कि अब वह दौर चला गया, जब कुछ देश दुनिया का एजेंडा तय कर देते थे। साथ ही उन्होंने नियम आधारित विश्व व्यवस्था के अमेरिकी कथानक पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वार्ताओं में अक्सर नियम आधारित विश्व व्यवस्था की बात आती है। संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र का भी उल्लेख किया जाता है। लेकिन असल में कुछ ही देश हैं, जो एजेंडा तय करते हैं और नियमों को परिभाषित करते हैं। जयशंकर ने कहा- 'यह अनिश्चितकाल तक चलते नहीं रह सकता। ना ही अब बिना किसी चुनौती के ऐसा चलता रहेगा।' इसके साथ ही वैक्सीन भेदभाव, जयवायु परिवर्तन की ऐतिहासिक जिम्मेदारी और खाद्य एवं ऊर्जा को जरूरतमंद देशों के बजाय धनी देशों को भेजने के लिए बाजार की शक्ति के उपयोग का मुद्दा भी उठाया। ये वो तमाम बातें हैं, जिन पर धनी देशों का विकासशील देशों के साथ पुराना टकराव रहा है। न्यूयॉर्क में हुए एक अन्य संवाद के दौरान जयशंकर ने कनाडा पर आतंकवाद की पनाहगाह होने का सीधा सीधा इल्जाम लगाया।

“ 2014 के बाद से, मोदीजी ने भारत की लैंगिक समानता को फिर से व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाया है। इसकी शुरुआत महिला विकास को महिला-नेतृत्व वाले विकास के मिशन में बदलने के साथ हुई। भारत की विकास यात्रा के मूल में नारी शक्ति को रखा गया है। चाहे महिलाओं को उनके सशक्तीकरण में सामाजिक-आर्थिक बाधाओं को दूर करने में सहायता करना हो या यह सुनिश्चित करना हो कि वे मजबूती से आगे बढ़ें, इसके लिए एक ऐसी ईको-प्रणाली विकसित की जा रही है।

# भारत की अमृत यात्रा: महिला नेतृत्व वाली यात्रा!

जी किशन रेड्डी, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री



जैसे ही ऐतिहासिक नारीशक्ति वंदन अधिनियम संसद में पेश किया गया, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके पारित होने को सांसदों के लिए अग्नि परीक्षा कहा। यह वास्तव में अग्नि परीक्षा है: समानता और संतुलन के आधार पर भारत के पारंपरिक गौरव को बहाल करने के लिए अग्नि परीक्षा; अग्निपरीक्षा उस सर्वोच्च स्थान को पुन: प्राप्त करने के लिए जिसका लाभ प्राचीन काल से महिलाओं को मिलता आया है; और राजनीतिक गलतफहमियों से ऊपर उठकर नारी शक्ति के लिए एक साथ खड़े होने के लिए अग्नि परीक्षा। आधुनिक लोकतांत्रिक भारत के मंदिर, संसद कोअर्धनारीश्वर की भावना का प्रतीक होना चाहिए,जो महिलाओं के लिए समानता और पूर्ण संतुलन का परिचायक है।

लैंगिक असमानता और अन्याय से जूझ रही दुनिया में, भारत महिलाओं के प्रति ऐतिहासिक श्रद्धा के प्रतीक के रूप में स्थित है। सदियों से, भारतीय संस्कृति ने महिलाओं को शक्ति के अवतार का रूप दिया है तथा विदुषियों, वीरांगनाओं, रानियों और नेताओं के रूप में उनकी अपार क्षमता को पहचाना है। आध्यात्मिक क्षेत्र में भी महिलाओं को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि प्रकट करने वाली त्रिदेवी के रूपमें सम्मानित किया जाता है। चाहे विदुषियों द्वारा रचित मंत्रों/श्लोंकों सहित वेदों एवं उपनिषदों जैसे प्राचीन ग्रंथों की रचना हो या प्रारंभिक सभ्यताएं हों या चाहे वीरांगना रानियों द्वारा अपने राज्यों को जीत और समृद्धि की ओर अग्रसर करना हो, महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राचीन भारत में महिलाएं न केवल शिक्षित थीं बल्कि दार्शनिक चर्चाओं और धार्मिक समारोहों में भी सक्रिय रूप से भाग लेती थीं। भारत ने गार्गी, लोपामुद्रा और मैत्रेयी जैसी प्रसिद्ध दार्शनिकों और विदुषिओं, वीरांगना रानी पद्मिनी, रानी दुर्गावती, रानी रुद्रमादेवी, रानी अहिल्याबाई होल्कर और ऐसी कई महान महिलाओं का मान बढ़ाया है। आधुनिक दुनिया ने सदियों पहले ही उन्हें मतदान का अधिकार भी दे दिया था।

रामायण और महाभारत में सीता माता, द्रौपदी और कुंती जैसी दृढ़ प्रतिज्ञ व प्रभावशाली महिलाओं को दर्शाया गया है, जिन्होंने इन महाकाव्यों की गाथाओं और घटनाओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिलाओं के प्रतिसम्मान पारिवारिक परिवेश में उनकी भूमिकाओं तक भी फैला हुआ है। वह सह धर्मचारिणी है, जिसका अर्थ है कि वह गृहस्थ धर्म में एक समान भागीदार है, जहां वे अपने पति के साथ, घर का नेतृत्व करती रही हैं, सभ्यता को धर्म के मार्ग पर ले जाती हैं। यह अनोखी बात है कि सनातन धर्म में शक्ति की परंपरा के तहत दिव्यस्त्री के प्रति विशेष आस्था मिलती है,जिसे शक्ति या दिव्य मां के रूप में दर्शाया गया है।

इन सांस्कृतिक मूल्यों को प्रतिध्वनित करते हुए, एक संस्कृत उद्धरण में महिलाओं की भूमिका को समाज के वास्तुकार के रूप में सुंदरता से व्यक्त किया गया है:

**नारीसमाजस्य कुशलवास्तुकार:**

उल्लेखनीय है कि भारतीय समाज में नारी का बहुत श्रद्धा और सम्मान का स्थान रहा है। यह ऐसी परंपरा है, जो अनगिनत पीढ़ियों से चली आ रही है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में, बार-बार होने वाले हमलों ने हमारे सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं में निहित इस स्त्री महत्व को खत्म कर दिया है। नतीजतन, आधुनिक भारत में, राजनीतिक प्रतिबद्धता और पहल की कमी के कारण विधायिकाओं (संघ और राज्य दोनों) में महिलाओं का प्रतिनिधित्व स्पष्ट रूप से पिछड़ गया है।

2014 के बाद से, मोदीजी ने भारत की लैंगिक समानता को फिर से व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाया है। इसकी शुरुआत महिला विकास को महिला-नेतृत्व वाले विकास के मिशन में बदलने के साथ हुई। भारत की विकास यात्रा के मूल में नारी शक्ति को रखा गया है। चाहे महिलाओं को उनके सशक्तीकरण में सामाजिक-आर्थिक बाधाओं को दूर करने में सहायता करना हो या यह सुनिश्चित करना हो कि वे मजबूती से आगे बढ़ें, इसके लिए एक ऐसी ईको-प्रणाली विकसित की जा रही है, जहां भारत की 50 प्रतिशत आबादी यानी महिलाओं को अपनी क्षमता को पूरी तरह से प्रकट करने के समान अवसर मिलते हैं।

खंड-खंड में कल्याणकारी उपायों वाले पिछले व्यवहारों के विपरीत,सरकार ने, 2014 के बाद, एक महिला के जीवनचक्र और जरूरतों के कई चरणों में नीतिगत हस्तक्षेप द्वारा एक रणनीतिक जीवनचक्र दृष्टिकोण अपनाया। उनमें से सबसे बुनियादी बात यह सुनिश्चित करना है कि महिलाएं सम्मान और सुरक्षा का जीवन जिएं। उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ धुआं-मुक्त रसोई की रचना की गई,जिसने न केवल लाखों महिलाओं को जीवनयापन में आसानी प्रदान की है,बल्कि उन्हें सांस की बीमारियों से भी बचाया है। इसके अलावा स्वच्छ भारत योजना के तहत 12 करोड़ शौचालय बनाये गये,जिसने महिलाओं को अपने घरों में शौचालयों तक सुरक्षित और सम्मानजनक पहुंच प्रदान की, सुरक्षा के बारे में चिंताओं को दूर किया और उनकी गरिमा को संरक्षित किया। इसी तरह जलजीवन मिशन के तहत 12करोड़ कनेक्शनों द्वारा नल से जल उपलब्ध कराया गया। इन सभी उपायों ने महिलाओं को कठिन परिश्रम और दुष्कर जीवनसे छुटकारा दिलाया है।

तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि दशकों से अनदेखा सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए सदियों पुरानी सामाजिक बेड़ियों को तोड़ दिया गया। चाहे वह महिलाओं की विवाह योग्य आयु को 18वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करना हो, मातृत्व अवकाश की अवधि को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह करना हो, या तीन तलाक की अनुचित प्रथा पर प्रतिबंध लगाना हो। इसी तरह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन पूरे जोर-शोर से चलाया गया। लड़कियों के विरुद्ध घृणित सामाजिक प्रथाओं के खिलाफ अभियान, और परिणामस्वरूप, एनएफएचएस-5 द्वारा 1,020महिलाओं (प्रति 1000पुरुषों) के सकारात्मक लिंग अनुपात की जानकारी इसकी एक बानगी है। वास्तव में,मोदीजी नारी शक्ति के साथ खड़े रहे हैं, क्योंकि यह शक्ति के अवतार के रूप में अपनी श्रेष्ठता दोबारा प्राप्त करने के लिए दृढ़ है।

जैसा कि स्पष्ट है, मोदी जी के महिला सशक्तिकरण के दृष्टिकोण के तहत महिलाओं को जन्म से ही मिलने वाली चुनौतियों के समाधान को रखा गया है। इसके लिए एक बहु-आयामी दृष्टिकोण के रूप में अपनाया गया है: पोषण, स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा, करियर और रोजगार, पारिवारिक और मातृ जीवन, राष्ट्र की सेवा और नेतृत्व की भूमिका निभाना। महिला आरक्षण विधेयक उन इरादों पर दी गई शक्ति की मुहर है, एक शंखनाद है कि शक्ति जाग उठी है और हमारे महान राष्ट्र की बागडोर संभालने के लिए तैयार है।

महिला आरक्षण विधेयक एक आधुनिक समय के प्रतीक के रूप में उभरा है,जो इस सभ्यता में महिलाओं को दिए गए प्राचीन सम्मान और समानता को दर्शाता है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस संशोधन विधेयक और कई अन्य पहलों के साथ, हम ऐतिहासिक दिशा में सुधार कर रहे हैं, एक ऐसी यात्रा जो भारत के मूल गौरव की ओर हमारे कदमों को सही मार्ग पर ले जा रही है- एक ऐसी भूमि जहां महिलाओं की आवाज़ सुनी जाती थी, उनकी भूमिकाओं का मान किया जाता था और उनके योगदान को महत्व दिया जाता था।

गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर मोदीजी द्वारा पेश महिला आरक्षण विधेयक को लगभग सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस तरह 22 साल की अड़चनों को दूर करना एक तरह से स्वयं विघ्नहर्ता का आशीर्वाद ही है, जिन्होंने माता पार्वती को उन्हें बनाने, उनका पोषण करने और उनकी रक्षा करने के लिए शत-शत प्रणाम किया था। इसके साथ, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लैंगिक समानता और मांभारती को सशक्त बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया, और 150 करोड़ भारतीयों की लोकप्रिय भावना 'मोदी है तो मुमकिन है' मेरे मन में फिर से गूंज उठी!

**(लेखक माननीय केंद्रीय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास, पर्यटन और संस्कृति मंत्री हैं।)**

# गलत बोलने वालों को जरूर मिलेगी सजा

सुशील कुमार मोदी, वरिष्ठ भाजपा नेता व सांसद



हमारी राजनीति में अपशब्दों का इस्तेमाल चिंता का विषय है, इससे बचना चाहिए। खासकर जो जन-प्रतिनिधि हैं, उन्हें स्तरहीन भाषा का प्रयोग करने से बचना चाहिए और सभी दलों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए। पिछले महीनों में एक भी दल ऐसा नहीं है, जिसके नेताओं ने अपशब्दों का इस्तेमाल न किया हो। सभी दलों के लोग बिगड़ी भाषा के इस्तेमाल में शामिल हैं। एक आचार संहिता बननी चाहिए कि चुनावी सभा हो या ससंद, गलत शब्दों का प्रयोग कोई न करे।

रमेश बिधूड़ी और दानिश अली के बीच अपशब्दों का उपयोग जांच का विषय है कि वास्तव में सदन में शुरुआत किसने की थी? जो कुछ बिधूड़ी ने कहा है, वह बिल्कुल गलत है और उसका समर्थन कोई नहीं कर सकता। उनको नोटिस भी दिया गया है, लेकिन इसका मूल कारण क्या है? यह बात सामने आ रही है कि प्रधानमंत्री के संबंध में दानिश अली ने अपमानजनक शब्द का प्रयोग किया, उसके बाद ही बिधूड़ी ने गलत ढंग से जवाब दिया। अब यह मामला लोकसभा अध्यक्ष के पास है, उसकी जांच होनी चाहिए। दानिश अली ने आखिर क्या कहा था और बिधूड़ी ने ऐसे गलत शब्दों का प्रयोग क्यों किया?

यह आरोप लगाया जा रहा है कि अनेक नेताओं के मामले में लोकसभा अध्यक्ष ने तत्काल कदम उठाया, पर लोकसभा अध्यक्ष पर कोई लांछन या आरोप लगाना उचित नहीं है। अध्यक्ष के पास कोई शिकायत जाती है, तो उसकी जांच-पड़ताल होती है, कार्रवाई होती है। बिधूड़ी के मामले में भी कार्रवाई होगी।

हमारे संसद सदस्यों को यह बात याद रखनी चाहिए कि इसी तरह की अभद्र भाषा के उपयोग के चलते कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता चली गई थी। राहुल गांधी ने कोलार की जनसभा में 'मोदी' उपनाम वालों के बारे में जिस तरह अपशब्द का प्रयोग किया था, उससे मानहानि का मुकदमा बना, यहां तक कि उन्हें गुजरात उच्च न्यायालय से भी राहत नहीं मिली, सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी सजा पर फिलहाल केवल रोक लगाई है, बरी नहीं किया है। पटना से लेकर अनेक न्यायालयों में राहुल गांधी के खिलाफ मामले चल रहे हैं। बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा था कि सारे गुजराती ठग होते हैं। इस मामले की भी अदालत में सुनवाई चल रही है, तेजस्वी यादव की पेशी होनी है। राहुल गांधी का मामला तो अपने आप में एक संदेश है कि अपशब्द या गलतबयानी की वजह से बड़े नेता की भी सदस्यता जा सकती है।

भाजपा गंभीर है। मध्य प्रदेश में विधायक केदारनाथ शुक्ला के प्रतिनिधि पर आदिवासी समाज के व्यक्ति पर पेशाब करने का आरोप लगा था, पार्टी ने अब शुक्ला का टिकट काट दिया है। भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय के पुत्र पर जो आरोप लगे थे, तो पार्टी ने उचित समय पर उचित कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में कहते रहते हैं कि गलतबयानी से मुद्दा भटकता है, लोग कुछ भी बोलकर निकल जाते हैं, विकास या अच्छे मुद्दों से ध्यान हट जाता है और पूरा ध्यान गलत बोलने वालों पर केंद्रित हो जाता है। याद कीजिए, नरेंद्र मोदी जब मुख्यमंत्री थे, तब उन्हें अपशब्दों का खूब सामना करना पड़ा था। जितने अपशब्दों का प्रयोग देश के प्रधानमंत्री के लिए हुआ है और आज भी हो रहा है, उतना प्रयोग शायद ही किसी प्रधानमंत्री के खिलाफ हुआ होगा। वैसे, अपशब्दों का प्रयोग करने वालों को इसका परिणाम भी भुगतना पड़ा है। चुनाव में जनता ऐसे लोगों को सबक सिखाने का काम करती रही है, आगे भी करेगी।

भाजपा में भाषा को लेकर बार-बार चर्चा होती है। बार-बार कहा जाता है कि गलत भाषा का इस्तेमाल न करें। मोहम्मद साहब के बारे में जब चुभने वाली बयानबाजी हुई थी, तब भी पार्टी ने तत्काल कदम उठाया था। ऐसी कोई भी टिप्पणी, जिससे समाज में द्वेष पैदा होता हो, भटकाव होता है, भाजपा में कार्रवाई हुई है। बिधूड़ी के मामले को भी पार्टी ने गंभीरता से लिया है और कारण बताओ नोटिस दिया है। उसी दिन सदन के अंदर राजनाथ सिंह ने खड़े होकर भर्त्सना की थी। अच्छे शब्द जब मौजूद हैं, तब कोई गलत शब्दों का उपयोग क्यों करे? तथ्य और तर्क के साथ भी आप अपनी बात मजबूती से रख सकते हैं। भारत में लोग ऐसी गलत भाषा को स्वीकार नहीं करते हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# नफरती सोच को वह दे रहे लगातार बढ़ावा

सुप्रिया श्रीनेत, अध्यक्ष, सोशल मीडिया, कांग्रेस



भारत की संसद हमारे इतिहास की साक्षी है। इसने अनेक ऐतिहासिक कानूनों को बनते-बदलते देखा है। हमारी संसद उन ऐतिहासिक लम्हों की गवाह है, जिन्होंने हम भारतवासियों को गौरवान्वित किया है। जब-जब देश की बात आन पड़ी, तब-तब संसद ने दलगत राजनीति छोड़कर देशहित में सबको एकजुट होते देखा है, मगर पिछले कुछ वर्षों में इसके सदनों ने जो देखा और सुना, वह शर्मनाक ही नहीं, हमारे लोकतंत्र पर कलंक है।

देश की संसद में सत्तारूढ़ दल का एक सांसद खड़े होकर विपक्ष के सांसद को धर्म के आधार पर ऐसे चुनिंदा अपशब्द कहता है, जिनको कहने में सड़क पर लड़ते मनबढ़ लड़के भी कतरा जाएं। हमारी संसद ने एक ऐसे सांसद को भी देखा, जिसने मंच से गोली मारने के नारे लगाए, संसद ने सत्तारूढ़ दल के उस सांसद को भी देखा, जिसने एक महिला सांसद को वैशाली की नगरवधु कहा, संसद ने सरकार की ओर से गरीबों को मिलने वाले अनाज को 'फ्री फंड' बताते हुए भी देखा।

जरा सोचिए, संसद के विशेष सत्र में जब रमेश बिधूड़ी अपने साथी सांसद पर सांप्रदायिक व नफरत भरी टिप्पणी कर रहे थे, तब इस लोक से बाहर बैठे पंडित नेहरू, सरदार पटेल और बाबा साहेब आंबेडकर क्या सोच रहे होंगे? क्या उन्होंने लोकतंत्र के इस चीरहरण के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया था?

इस प्रकार की घिनौनी हरकत पिछले नौ वर्षों में एक परंपरा का रूप ले चुकी है, मगर ये सारे वक्तव्य अपवाद नहीं हैं, ये सारे लोग भाजपा आलाकमान से प्रेरित हैं, उन्हीं का अनुसरण कर रहे हैं। आखिरकार इसके नेता लोगों को उनके कपड़ों से पहचान लेते हैं, कांग्रेस की तत्कालीन अध्यक्ष को कांग्रेस की विधवा कहने में नहीं सकुचाते, एक ब्याहता को 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड कहने से भी नहीं कतराते, वह एक चुनी हुई मुख्यमंत्री को 'दीदी ओ दीदी' कहकर चिढ़ाते हैं और बिना पलक झपकाए यह कहते हैं कि महिला की तस्वीर अचार के डिब्बे पर लगाने से आचार ज्यादा बिकता है। ऐसे में, भाजपा के एक सांसद द्वारा लोकतंत्र के मंदिर संसद में दूसरे धर्म के साथी सांसद को सड़क छाप गालियां देना चौंकने की बात नहीं है। याद रहे कि जब सांसद रमेश बिधूड़ी ओछी हरकतें कर रहे थे, तब भाजपा के कई संस्कारी सांसद और पूर्व मंत्री ठहाका लगाकर हंस रहे थे। संस्कार और संस्कृति का ज्ञान देने वालों ने लोकतंत्र के तार-तार कर दिए।

ये सारे अभद्र वक्तव्य सिर्फ शालीनता की ही सीमा नहीं लांघते, वरन यह नफरती सोच और भाजपा की रणनीति का स्वरूप हैं। ऐसे शब्द बोलने वालों की संख्या लगातार बढ़ने का असली कारण है, ऐसा करने से मिलने वाले लाभ। यह साफ है कि आज भाजपा में जो जितना नीचे गिरेगा, जितना विपक्ष को अपशब्द कहेगा, एक धर्म विशेष के खिलाफ जहर उगलेगा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बारे में मनगढ़ंत झूठ फैलाएगा, वह उतना आगे जाएगा। जो नफरत की पुड़िया कभी उनके दफ्तरों में खुलती थीं, वह अब धड़ल्ले से टीवी चैनलों और देश की सदन में भी खुल रही है।

सत्ता का संरक्षण और संस्थानों की निष्क्रियता ने ऐसे व्यवहार को बेखौफ होकर पनपने में खूब कारगर भूमिका निभाई है। आज सदनों से विपक्षी सांसदों को छोटी-छोटी बातों के लिए निलंबित किया जाता है, पर सत्तारूढ़ दल के सांसदों को मीठी सी झाड़ भी नहीं पड़ती। न्यायालय में 'नफ़रती भाषण अगर मुस्कराकर दिया जाए, तो वह नफरत नहीं है' की दलील न्याय की उम्मीद और भाषा की मर्यादा की अपेक्षा को धूमिल कर देती है।

भाजपा ऐसे लोगों को न सिर्फ संरक्षण देती है, बल्कि पदोन्नति भी देती है। रमेश बिधूड़ी को राजस्थान चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी देने, निशिकांत दूबे से महिला आरक्षण विधेयक पर बहस की शुरुआत कराने से पार्टी का साफ संदेश है, गरिमा, मर्यादा, शालीनता जैसी चीजों पर समय बर्बाद करना बेमानी है। ऐसे वक्तव्यों का मूल लक्ष्य असली मुद्दों से ध्यान भटकाना है। अनर्गल बयान के बाद उस पर वाद-विवाद, टीवी डिबेट और अखबार में सुर्खियां बन जाने का परिणाम है कि देश के बुनियादी मुद्दे चर्चा के केंद्र से बाहर हो रहे हैं। संसद जैसी जगह पर देश और देशवासियों के मुद्दे नहीं उठने दिए जाते। ये सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या की तरह है। मर्यादा और शालीनता की बुनियाद पर खड़ा यह देश अभद्रता और गरिमा को भंग होते देख अब तंग आ चुका है।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026, 7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### जल जीवन मिशनः आकांक्षी जिलों का बेहतर प्रदर्शन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्रकुमार के मार्गदर्शन राज्य के सभी आकांक्षी जिले बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत राज्य के ग्रामीण अंचलों में निःशुल्क घरेलू नल कनेक्शन देने का काम तेजी से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य में प्रति व्यक्ति, प्रतिदिन 55 लीटर के मान से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, इसके लिए सभी जिलों में कार्ययोजना तैयार कर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत अब तक राज्य के सभी आकांक्षी जिलों में से राजनांदगांव जिले के 01 लाख 20 हजार 088 (76.59 प्रतिशत) सर्वाधिक लोगों को घरेलू नल कनेक्शन दिए गए हैं। इसी तरह महासमुंद में 1 लाख 54 हजार 388 (64.51 प्रतिशत), कोण्डागांव में 84 हजार 879 (67.54 प्रतिशत), बस्तर में 96 हजार 772 (57.40 प्रतिशत), नारायणपुर जिले में 18 हजार 342 (60.41 प्रतिशत), कांकेर 80 हजार 143 (53.05 प्रतिशत), 47 हजार 496, दंतेवाड़ा में 27 हजार 753 (54.71 प्रतिशत), सुकमा में 32 हजार 448 (48.97 प्रतिशत), बीजापुर 27 हजार 268 (48.47 प्रतिशत) और कोरबा में 97 हजार 718 (47.22 प्रतिशत) ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल के लिए घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं।

### विश्व रैबिज दिवस के अवसर पर वर्कशॉप एवं निःशुल्क एण्टी रेबिज टीकाकरण कार्य संपन्न

**गरियाबंद।** उपसंचालक पशुधन विकास विभाग गरियाबंद के मार्गदर्शन में वर्कशॉप ऑन रेबीज जूनेसिस एवं एंटी रेबीज टीकाकरण का आयोजन किया गया। विश्व के महानतम जीव वैज्ञानिक डॉ. लुई पाश्चर जिन्होंने रैबिज जैसी घातक एवं जानलेवा बीमारी के प्रथम टीका का अविष्कार किया था। उनकी पुण्यतिथि के स्मरण के रूप में उक्त दिवस को आयोजित किया गया।इसके अंतर्गत  जिले की समस्त अधीनस्थ संस्थाओं में निःशुल्क एण्टी रैबिज श्टीकाकरण कुत्तों एवं बिल्लियों में किया गया। टीकाकरण अभियान में कुल 103 कुत्तों एवं बिल्लियों एण्टी रैबिज टीकाकरण किया गया। इसके पश्चात वर्कशॉप ऑन रैबिज जूनैसिस का आयोजन जिले के जन प्रतिनिधियों सभापति कृषि स्थायी समिति,लोकेश्वरी नेताम,धनमति यादव सदस्य कृषि स्थायी समिति,फिरतुराम कंवर,सदस्य कृषि स्थायी समिति,जिला पंचायत गरियाबंद की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ ओंकार प्रसाद तिवारी ने बताया कि यह गरियाबंद जिला गठन के उपरांत प्रथम अवसर है जब वेटेरनरी एवं मेडिकल प्रोफेशनल के संयुक्त समावेशी योगदान से वर्कशॉप का आयोजन हुआ। वर्कशॉप में विषय विशेषज्ञों द्वारा रैबिज के विभिन्न प्रकल्पों में प्रस्तुति दी गयी जो कि संबंधित प्रोफेशनलों एवं जन सामान्य के लिये लाभकारी एवं जागरूकता लाने का उद्देश्य पूर्ण करने में एक मील का पत्थर साबित होगा।डॉ. टामेश कंवर, डॉ. नीता मिश्रा एवं मेडिकल प्रोफेशनल जिनके द्वारा उक्त अवसर पर प्रस्तुति दी गयी।जिसमें डॉ.दीपक सिंह परमार एवं डॉ. अमित तिवारी प्रमुख थे द्य विभाग के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने में डॉ.बीपी.यादव,डॉ.भीष्म साहनी साहू,डॉ.तारा सोनवानी, कुहकी बाई प्रमुख थे। कार्यक्रम के सफल मंच का संचालन डॉ.कोमल चन्द्राकर एवं आभार डॉ.एस के.चन्द्राकर द्वारा व्यक्त किया गया।

# कृषि अनुसंधानों को किसानों तक पहुंचाने में हिन्दी की महत्वपूर्ण भूमिकाः डॉ. संजय अलंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में हिंदी पखवाड़ा के समापन के अवसर पर कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों में हिंदी की भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित नारा, कविता, निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों का वितरण भी किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि रायपुर संभाग आयुक्त डॉ. संजय अलंग थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल के सदस्य श्री आनंद मिश्रा और श्रीमती वल्लरी चंद्राकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।




संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. संजय अलंग ने कहा कि कविता, कहानी, निबंध आदि के लेखन से भाषा का प्रसार नहीं होता, बल्कि व्यवहार में लाने से होता है। आज हम डिजिटल युग में संप्रेषण कर रहे हैं। हमारा संप्रेषण आसान हो गया है, लेकिन हमारी हिंदी कमजोर हो गई है और शब्दावली में कमी आ गई है। अच्छे संप्रेषण के लिए भाषा का चयन जरूरी है।

कृषि विश्वविद्यालय और यहां के वैज्ञानिकों द्वारा किये जा रहे नवीन कृषि अनुसंधानों को किसानों और हितग्राहियों तक संप्रेषित करने के लिए उनकी स्थानीय भाषा का प्रयोग लाना चाहिए। जिससे किसान और हितग्राही आसानी से समझ सकें और अपने उपयोग में शामिल कर सकें। उन्होंने कहा कि यदि हमें अनुसंधान उपलब्धियों से किसानों को जोड़ना है तो यह आवश्यक है कि अपनी बातों को उनकी भाषा और बोली में उन तक पहुंचायी जाए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि भारत में हिन्दी भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह देश की बहुसंख्यक आबादी द्वारा बोली एवं समझी जाने वाली प्रमुख भाषा है। इसलिए यह आवश्यक है कि कृषि शिक्षा, कृषि अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों में हिन्दी भाषा को बढ़ावा दिया जाए। कृषि के विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु हिन्दी भाषा में बड़ी संख्या में पुस्तकें लिखी जा रही हैं लेकिन और अधिक गुणवत्तायुक्त, स्तरीय पुस्तकें लिखे जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि अनेक सर्वेक्षणों में भी यह साबित हुआ है कि विद्यार्थियों को अगर उनकी मातृ भाषा में शिक्षा दी जाए तो वे इसे शीघ्रता से ग्रहण कर लेते हैं। विदेशी भाषा में शिक्षा प्राप्त करना उनके लिए अपेक्षाकृत कठिन कार्य होता है। इसी प्रकार विभिन्न सामाजिक सर्वेक्षणों में भी यह पाया गया है कि ग्रामीण जनता विशेषकर किसानों को अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों के बारे में उनकी मातृ भाषा या स्थानीय बोली में जानकारी दी जाए तो वे इन्हें जल्दी समझ पाते हैं। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रबंध मण्डल सदस्य आनंद मिश्रा ने कहा कि मनुष्य मातृभाषा में जल्दी सीखता है। आज हमारा देश तकनीकी के साथ साथ सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है, लेकिन अनुसंधान के क्षेत्र में आज भी दूसरे देशों के भरोसे है। इसका कारण सिर्फ भाषा है। ज्ञान को आत्मसात करने की शक्ति मातृभाषा से ही आती है। आज हमें किसानों की समस्या, उनकी बात को समझना होगा और उन्हे उन्ही की भाषा-बोली में समझाना होगा। श्रीमती वल्लरी चंद्राकर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिदिन अपनी कक्षाओं के साथ साथ रचनात्मक कार्यों में भी विद्यार्थियों को समय देना चाहिए। हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताएं उन्हीं का हिस्सा हैं। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए हिन्दी संगोष्ठी के दौरान विश्वविद्यालय में 14 से 29 सितम्बर तक आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का सचांलन डॉ. राकेश बनवासी ने किया। कार्यक्रम के अंत में राजभाषा हिंदी प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री संजय नैयर ने आभार प्रदर्शन किया।

### विभिन्न प्रतियोगिताएं के विजेता हुए पुरस्कृत

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित 14 से 29 सितंबर के मध्य नारा लेखन, कविता लेखन, निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रज्ञा चंद्राकार को प्रथम, मनभवन सिंह कंवर को द्वितीय तथा आदर्श चंद्राकर तृतीय स्थान पर रहे। कविता लेखन प्रतियोगिता में टोलिना विशाल शर्मा को प्रथम, हिमानी सिन्हा को द्वितीय और हिमांशु कुमार राणा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बमलेश्वर सप्रे को प्रथम, खुशबु को द्वितीय और कीर्ति बैस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वाद विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में हिमानी सिन्हा को प्रथम और रिया कटरे को द्वितीय तथा विपक्ष में सोमेश कुर्रे को प्रथम और संतोषी एक्का को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

# कैट की रायपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले  से सौजन्य भेंट



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की युवा टीम ने रायपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले  से सौजन्य मुलाकात कर विभिन्न व्यापारिक  मुद्दो पर चर्चा की। कैट के प्रदेश युवा अध्यक्ष अवनीत सिंह ने बताया कि युवा कैट का एक प्रतिनिधी मंडल ने रायपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक  लखन पटले  से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें पुनः रायपुर शहर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनने पर बधाई दी एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान श्री पटले से विभिन्न व्यापारिक मुद्दो पर चर्चा की।

गौरतलब है कि कैट लगातार रायपुर पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर व्यापारियो के लिए विभिन्न जनजागरण अभियान चलाता रहा है, जिसमे कि रायपुर पुलिस के द्वारा सायबर क्राइम बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था हैलो जिन्दगी एवं अन्य जनजागरण अभियान व्यापारियों के लिए करते रहा है। विगत दो वर्ष पूर्व भी करोना काल के दौरान श्री पटले जी द्वारा व्यापारियों के लिए हर संभव मदद की गई जिसके लिए कैट ने पुनः आभार व्यक्त किया। श्री पटले जी ने रायपुर पुलिस द्वारा आगे भी व्यापारियों के हित के लिए हर संभव मदद करने का सकारात्मक आस्वासन दिया। लखन पटले  से सौजन्य मुलाकात में युवा कैट के अध्यक्ष अवनीत सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक विधानी, कोशाध्यक्ष विजय पटेल, अन्य पदाधिकारी रमेश खोडियार, हरसुख पटेल, प्रकाश जोशी, रतन सिंह एवं रमेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलकर आभार व्यक्त किया

# सेटअप रिविजन सहित विभाग की अन्य मांगों को पूरा करने के लिए दिया धन्यवाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शाम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात कर जनसंपर्क विभाग के सेटअप रिविजन सहित विभाग की अन्य माँगों को पूरा करने के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। संघ के अध्यक्ष संयुक्त संचालक बालमुकुंद तंबोली ने मुख्यमंत्री से कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के उपरांत लगभग 22 वर्षों के बाद आपकी पहल से जनसंपर्क विभाग का सेटअप रिविजन हुआ है।




जिससे विभाग में 3 अपर संचालक, 3 संयुक्त संचालक, 10 उपसंचालक सहित अन्य पदों में वृद्धि हुई। इससे बहुत लंबे समय से पदोन्नति से वंचित अधिकारियों की पदोन्नति हो पाई है। उन्होंने कहा कि सेटअप रिविजन होने से विभागीय दायित्वों का निर्वहन बेहतर कार्य क्षमता और कार्यकुशलता के साथ हो पाएगा। इसके लिए संघ आपके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि विभाग की जरूरतों को देखते हुए संचार उपकरणों की मांग की गई थी, जो लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है। साथ ही जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों को भी राज्यस्तरीय अधिमान्यता प्राप्त हुई। संघ के प्रतिनिधियों ने ओल्ड पेंशन स्कीम लागू होने के लिए भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन की सुविधा आरंभ कर दिये जाने से जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों में भी काफी खुशी है। साथ ही 70-80-90 प्रतिशत स्टाइपेंड की व्यवस्था समाप्त करने के मुख्यमंत्री के निर्णय से विभाग में नवनियुक्त 16 अधिकारी लाभान्वित हुए हैं।

संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि डीए और एचआरए में वृद्धि के निर्णय से भी विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी लाभान्वित हुए हैं। संघ के अध्यक्ष श्री तंबोली ने कहा कि विभाग में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों पर भर्ती होने से विभाग और भी सुदृढ़ होने के साथ ही विभागीय अधिकारी अधिक बेहतर एवं प्रभावी तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने विभागीय भर्ती की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए इस दिशा में शीघ्र ही प्रभावी कार्यवाही करने की बात कही।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी कर्तव्य निष्ठा से कार्य करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भी प्रेरित किया।

इस मौके पर संघ के संरक्षक अपर संचालक जेएल दरियो, संजीव तिवारी के साथ संघ के सदस्य संयुक्त संचालक श्रीमती हर्षा पौराणिक, पंकज गुप्ता, पवन गुप्ता, उप संचालक प्रेमलाल पटेल, सौरभ शर्मा, नितिन शर्मा, सहायक संचालक दानेश्वरी संभाकर, सचिन शर्मा, सहायक सूचना अधिकारी भवानी सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्य न्यायाधीश ने दंतेवाड़ा जिला न्यायालय परिसर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया वर्चुअल शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश  रमेश सिन्हा ने आज छत्तीसगढ़ के दूरस्थ सुदूर दंतेवाड़ा के जिला न्यायालय परिसर में प्राथमिक उपचार केन्द्र का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर दंतेवाड़ा जिले के पोर्टफोलियो जज एन. के. व्यास उपस्थित रहे।



प्राथमिक उपचार केन्द्र में जीवन रक्षक दवाईयाँ उपलब्ध रहेगीं तथा निःशुल्क प्रदान की जायेगी। दंतेवाड़ा के न्यायाधीशगण, कर्मचारीगण, सुदुर क्षेत्रों से आने वाले पक्षकारों एवं आगंतुको तथा अधिवक्तागणों को प्राथमिक उपचार केन्द्र का लाभ प्राप्त होगा। जिला न्यायालय परिसर दंतेवाड़ा में प्राथमिक उपचार केन्द्र का उद्घाटन होने से क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई।

### सेवानिवृत कर्मचारी को दी गई विदाई

कल 30 सितंबर 2023 को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी  लक्ष्मी ध्रुव सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सेवानिवृत्ति की पूर्व संध्या पर मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा द्वारा लक्ष्मी ध्रुव को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने श्री लक्ष्मी ध्रुव के भावी स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की

इस अवसर पर रजिस्ट्रार जनरल अरविन्द कुमार वर्मा, एडिशनल रजिस्ट्रार कम पीपीएस एम.वी.एल.एन सुब्रहमन्यम तथा प्रोटोकॉल ऑफिसर आर. एस. नेगी भी उपस्थित थे।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान

पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है

रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### अपेक्स बैंक ने इस वर्ष कमाया 34.42 करोड़ रुपए का लाभ

**रायपुर।** अपेक्स बैंक ने इस वर्ष 34.42 करोड़ रुपए लाभ कमाया है। नवा रायपुर स्थिति छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) में आज आयोजित 24 वी वार्षिक आमसभा में यह जानकारी अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर द्वारा दी गई। उन्होंने वार्षिक आमसभा में वित्तीय पत्रक तथा आय-व्यय प्रस्तुत करते हुए बताया कि अपेक्स बैंक की अंशपूजी 186 करोड़ रूपए, निधियाँ (रिजर्व) 599 करोड़ रुपए, ऋण एवं अग्रिम 3757 करोड़ रुपए, स्वयं की निधियां 379 करोड़ रुपए है।

आमसभा में छत्तीसगढ़ आवास संघ से प्रतिनिधि एवं विधायक सत्यनारायण शर्मा, अपेक्स बैंक संचालक द्वारिका साहू, अपेक्स बैंक संचालक राकेश सिंह ठाकुर, जिला सहकारी केन्दीय बैंक रायपुर अध्यक्ष पंकज शर्मा, सचिव सहकारिता छत्तीसगढ़ शासन के प्रतिनिधि उपसचिव पी एस सर्पराज, अपेक्स बैंक प्रबंध संचालक के एन कांडे, पंजीयक सहकारी छत्तीसगढ़ प्रतिनिधि उमेश तिवारी, सीईओ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग अपेक्षा व्यास और अम्बिकापुर एस के वर्मा, अपेक्स बैंक कर्मचारी सहकारी साख समिति रायपुर के प्रतिनिधि अजय भगत, भारतीय खाद्य निगम कर्मचारी साख समिति रायपुर के प्रतिनिधि, नागरिक सहकारी बैंक रायपुर आर के ठाकुर, महिला नागरिक सहकारी बैंक महासमुंद अनिता रावटे, भिलाई नागरिक सहकारी बैंक प्रतिनिधि, नागरिक सहकारी बैंक दुर्ग प्रतिनिधि रूंगटा , लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक मंजीत सिंह हुरा एवं आमसभा के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस कलः बुजुर्गों की सुरक्षा, संरक्षण और सम्मान के प्रति जागरूकता के लिए होंगे कई आयोजन

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिलों सहित राजधानी रायपुर में बुजुर्गों की सुरक्षा, संरक्षण और सम्मान के प्रति जागरूकता लाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान समारोह, कार्यशाला, सेमिनार, जागरूकता शिविर आदि आयोजित होंगे। इसके साथ ही जिलों में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, वरिष्ठ नागरिकों के वित्तीय संरक्षण सम्बन्धी कार्यशाला, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के सम्बन्ध में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वरिष्ठ नागरिकों के अनुकूल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### एएएफटी के कुलपति नियुक्ति के लिए खोजबीन समिति गठित

**रायपुर।** राज्यपाल सह कुलाध्यक्ष विश्वभूषण हरिचंदन ने एएएफटी यूनिवर्सिटी ऑफ मीडिया एण्ड आर्ट्स, माठ, रायपुर में कुलपति नियुक्ति हेतु पेनल अनुशंसित करने हेतु खोजबीन समिति का गठन किया है। राजभवन सचिवालय से जारी अधिसूचना के अनुसार प्रो. अरविंद कुमार प्रोफेसर एंड हेड डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिस के.के जैन (पीजी) कॉलेज यूपी. समिति के अध्यक्ष होंगे एवं प्रो. विवेक कुमार प्रोफेसर सेंटर फॉर रूरल डेवलपमेंट एंड टेक्नोलॉजी इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दिल्ली एवं डॉ. किरण गजपाल प्राचार्य शासकीय दू.ब. महिला महाविद्यालय, रायपुर, उच्च शिक्षा विभाग, समिति के सदस्य रहेंगे। यह समिति अधिसूचना प्रसारित होने की तिथि से छः सप्ताह के अंदर न्यूनतम तीन व्यक्तियों का पेनल कुलाध्यक्ष को प्रस्तुत करेगी। इस संबंध में 27 सितम्बर 2023 को राजभवन सचिवालय से अधिसूचना जारी की गई है। समिति का गठन छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2005 (क्रमांक 13 सन् 2005) की धारा-17 के उप धारा (2) में निहित प्रावधान के तहत किया गया है।

# यूनिवर्सल हेल्थ केयर की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है छत्तीसगढ़ः टीएस सिंहदेव

**उप मुख्यमंत्री ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा, अस्पतालों को क्लेम की राशि के भुगतान में तेजी लाने के दिए निर्देश**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंहदेव ने आज स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्टेट नोडल एजेंसी एवं सीजीएमएससी के वरिष्ठ अधिकारियों तथा सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं संभागीय संयुक्त संचालकों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं और विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्लै, सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी,स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक जयप्रकाश मौर्य और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान भी बैठक में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ यूनिवर्सल हेल्थ केयर की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। यहां के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स, हमर लैब और हमर क्लिनिक अच्छा काम कर रहे हैं। इनसे लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं से लोगों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, जांच, उपचार और दवाईयां मिल रही हैं। श्री सिंहदेव ने कहा कि प्रदेशवासियों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग का बजट लगातार बढ़ाया जा रहा है। आयुष्मान योजना में राज्य शासन का हिस्सा 80 प्रतिशत के करीब पहुंच रहा है। चालू वित्तीय वर्ष के शुरूआती छह महीनों (अप्रैल से सितम्बर) में ही प्रदेशवासियों को 900 करोड़ रुपए का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा चुका है।

उप मुख्यमंत्री सिंहदेव ने बैठक में कहा कि शासकीय अस्पतालों पर लोगों का भरोसा और मरीजों की संख्या बढ़ रही है। पिछले पांच वर्षों में प्रदेश ने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में अच्छी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अमले की सराहना करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के कठिन हालातों के बीच भी विभाग ने लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की हैं। स्वास्थ्य अमले ने सुनियोजित और त्वरित कार्य कर कोरोना का प्रभावी नियंत्रण, प्रबंधन और रोकथाम किया।

श्री सिंहदेव ने बैठक में राष्ट्रीय वेक्टरजनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, संस्थागत प्रसव, बाल स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, मातृत्व स्वास्थ्य, सिकलसेल स्क्रीनिंग, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, कॉम्प्रिहेन्सिव प्रायमरी हेल्थ केयर, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, हमर लैब, आयुष्मान भारत, छत्तीसगढ़ एड्स नियंत्रण समिति, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यों की समीक्षा की।




#### उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अंगदान करने की दिलाई शपथ

उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को अंगदान एवं ऊतक दान करने की शपथ दिलाई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अपने परिजनों, मित्रों और रिश्तेदारों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

#### कोरोना के संदिग्ध मरीजों के शत-प्रतिशत सैंपल की जांच आरटीपीसीआर विधि से ही हो

श्री सिंहदेव ने बैठक में अस्पतालों के लिए अलग-अलग मदों से खरीदे जाने वाले मेडिकल उपकरणों की खरीदी को युक्तियुक्तपूर्ण बनाने को कहा, ताकि शासकीय अस्पतालों के बीच जरूरी उपकरणों और मशीनों का वितरण समुचित ढंग से हो सके। उन्होंने डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत अस्पतालों के क्लेम की राशि के भुगतान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कोरोना के संदिग्ध मरीजों के शत-प्रतिशत सैंपल की जांच आरटीपीसीआर विधि से ही करने को कहा। श्री सिंहदेव ने सभी जिलों को आगामी तीन महीने का लक्ष्य निर्धारित कर काम करने को कहा। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं और प्रगतिरत कार्यों की हर तीन महीने में समीक्षा के भी निर्देश दिए।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 1055 मिमी औसत वर्षा दर्ज

### प्रदेश में सर्वाधिक वर्षा बीजापुर जिले में और कम वर्षा सरगुजा जिले में

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 1055 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से 29 सितंबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1679.3 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 479.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 773.8 मिमी, बलरामपुर में 968.7 मिमी, जशपुर में 900.8 मिमी, कोरिया में 919.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 902.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।



इसी प्रकार, रायपुर जिले में 1189.3 मिमी, बलौदाबाजार में 1203.7 मिमी, गरियाबंद में 930.8 मिमी, महासमुंद में 1035.7 मिमी, धमतरी में 966.6 मिमी, बिलासपुर में 1258.1 मिमी, मुंगेली में 1360.1 मिमी, रायगढ़ में 1231.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 978.9 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1198.9 मिमी, सक्ती में 1050.1 मिमी, कोरबा में 1045.2 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1113.3 मिमी, दुर्ग में 896.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 925.6 मिमी, राजनांदगांव में 1152.2 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1267.4 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 1085.4 मिमी, बालोद में 1012.5 मिमी, बेमेतरा में 934.7 मिमी, बस्तर में 1039.1 मिमी, कोण्डागांव में 1051.5 मिमी, कांकेर में 989.0 मिमी, नारायणपुर में 938.5 मिमी, दंतेवाड़ा में 1053.3 मिमी और सुकमा में 1401.9 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# वन अधिकार पत्र धारकों से धान खरीदी व्यवस्था में शामिल करने राज्य सरकार की विशेष पहल

**अब तक 80 हजार वन पत्र धारकों का धान खरीदी पोर्टल में हो चुका है पंजीयन**

### वन एवं जनवायु परिवर्तन विभाग द्वारा ज्यादा से ज्यादा संख्या में

### वन अधिकार पत्र धारकों के पंजीयन कराने पत्र जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज


**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में प्रदेश के वन अधिकार पत्र धारक किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के लिए विशेष पहल की जा रही है। वन अधिकार पत्र धारकों को धान खरीदी व्यवस्था में शामिल होने पंजीयन हेतु प्रोत्साहित और जागरूक किया जा रहा है। वन पट्टाधारी किसानों को धान खरीदी व्यवस्था में शामिल करने ज्यादा से ज्यादा संख्या में धान खरीदी पोर्टल में पंजीयन हेतु जोर दिया जा रहा है। इसके लिए वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख को पत्र भी जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए है।



उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए अब तक 80 हजार से अधिक वन अधिकार पत्र धारकों का धान खरीदी पोर्टल में पंजीयन हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा राजस्व भूमि के साथ-साथ वन भूमियों में रहने वाले वन अधिकार पट्टा धारकों को भी धान बेचने का अधिकार देकर बड़ी सहुलियत दी गई है। शासन की मंशा है कि अधिक से अधिक वन अधिकार पट्टा धारक अपना धान बेंच सके और अन्य कृषि आधारित योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा निर्देश जारी कर वन भूमियों की गिरदावरी का कार्य अक्टूबर माह के दूसरे सप्ताह तक पूर्ण करने को कहा गया है।

गौरतलब है कि वर्तमान में राजस्व विभाग द्वारा कृषकों की जानकारी ऑनलाईन एकत्रित की जाती है, जो कृषकों की फसल के गिरदावरी से संबंधित है। पत्र में जिला वन मंडलाधिकारियों को कलेक्टर के सहयोग से गिरदावरी की जानकारी एकत्रित करने हेतु बीटगार्डों को गिरदावरी का प्रशिक्षण दिये जाने की कार्यवाही करने को कहा गया है। ताकि वन अधिकार अधिनियम 2006 अंतर्गत वन पट्टा धारकों का पंजीयन धान खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिससे वन पट्टाधारकों को सभी शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

# महिला समूहों को ऋण योजना से अब अधिकतम 6 लाख रुपए तक ऋण



### महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने छत्तीसगढ़ महिला कोष की योजनाओं में हुआ संशोधन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई निर्णय लिए है। इसी कड़ी में विगत 02 मई को रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिनों के आभार सम्मेलन में मुख्यमंत्री बघेल ने महिला समूहों को 6 लाख रूपए तक ऋण देने और महिलाओं के लिए ऋण लेने की पात्रता शर्तों को सरल करने की घोषणा की थी। इस संबंध में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिया है।

छत्तीसगढ़ महिला कोष की ऋण योजना अन्तर्गत ऐसे महिला समूह जिन्होंने प्रथम बार ऋण लेकर पूरा पटा दिया है, उन्हें 04 लाख के स्थान पर अब अधिकतम 06 लाख रुपए ऋण की पात्रता होगी। साथ ही 04 से 06 लाख रूपए तक के ऋण की अदायगी, महिला स्व-सहायता समूहों से ऋण प्राप्ति के 6 माह पश्चात् 60 मासिक किश्तों में की जाएगी। पुनः ऋण की पात्रता का लाभ नियमित किश्त अदा करने वाले हितग्राहियों को ही दिया जायेगा ।

इसके अतिरिक्त सक्षम योजना के अन्तर्गत पात्रता की शर्तों को शिथिल बनाया गया है। महिला हितग्राही की ऋण लेने की पात्रता परिवार की वार्षिक आय के स्थान पर उसके स्वयं के वार्षिक आय के आधार पर निर्धारित होगी। पारिवारिक वार्षिक आय राशि रुपये 01 लाख के स्थान पर अब जिस महिला की वार्षिक आय की सीमा राशि रुपये 02 लाख रूपए तक होगी उसे ऋण की पात्रता होगी।

गौरतलब है कि महिला कोष द्वारा ऋण योजना व सक्षम योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए मात्र 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। मुख्यमंत्री बघेल ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला कोष का बजट इस वित्तीय वर्ष में लगभग 10 गुना बढ़ाकर 25 करोड़ रुपए कर दिया है। साथ ही नवीन कौशल्या समृद्धि योजना के लिए भी 25 करोड़ रुपए का आबंटन दिया गया है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# कहीं आप भी पानी पीते वक्त कर बैठते हैं ये गलती, हो सकता है गले का कैंसर

हमारा शरीर 75 प्रतिशत पानी से बना हुआ है। पानी के बिना हम अपनी जिंदगी की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। डॉक्टर से लेकर हेल्थ एक्सपर्ट तक कहते हैं कि अगर खुद को बीमारी से दूर रखना या पूरे दिन फ्रेश और तरोताजा रखना है तो 2-3 लीटर हर दिन पिएं। इंसान की जिंदगी में पानी एक अमृत की तरह है। पानी की कमी के कारण सेल्स में ठीक से ऑक्सीजन और पोषण नहीं पहुंच पाती है। पानी इंसान की जिंदगी में एक जीवनदान की तरह है लेकिन इसका गलत तरह से इस्तेमाल आपको बीमार भी कर सकता है। दरअसल, हाल ही में एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें खुलासा किया गया है कि गलत तरीके से पानी पीने से गले का कैंसर हो सकता है।

## पानी पीने के दौरान की जाने वाली गलती

### प्लास्टिक के बोतल में पानी पीना

प्लास्टिक के बोतल में पानी नहीं पीना चाहिए। एक स्टडी के मुताबिक प्लास्टिक के बोतल में माइक्रोप्लास्टिक भारी मात्रा में बढ़ जाता है। इसमें प्लास्टिक का कचरा बढ़ जाता है। 80 प्रतिशत लोगों के खून में माइक्रोप्लास्टिक पॉल्यूशन मिला बै। जिसकी वजह से यह ऑर्गन को नुकसान पहुंचा सकता है। और यह कैंसर का कारण भी हो सकता है।

### एक दिन में कितना पानी पीते हैं मायने रखता है

पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पीने से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। आज कल लोग काम के चक्कर में पानी पीना ही भूल जाते हैं। एक्सपर्ट्स का मानना हैं कि एक वयस्क को हाइड्रेटेड रहने के लिए दिन में कम से कम आठ गिलास पानी पीना चाहिए।

### एक बार में काफी ज्यादा पानी न पिएं, इससे दिल पर जोर पड़ सकता है

कई लोग ये गलती करते हैं कि वे एक बार में बहुत ज्यादा पानी पी लेते हैं। आपको बता दें कि एक बार में बहुत अधिक पानी पीने से सूजन, बेचैनी और यहां तक कि पानी का नशा भी हो सकता है, जो खतरनाक हो सकता है।

### खाना खाने के दौरान पानी न पिएं

खाना खाते समय पानी पीने से पेट संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। खाते समय पानी पीने से शरीर को खाना पचाने में मुश्किल हो सकती है। डॉक्टर्स कहते हैं कि खाने से कम से कम 30 मिनट पहले या बाद में पानी पीना चाहिए। इससे आपका डाइजेशन अच्छा होता है और आपको पेट संबंधित किसी तरह की परेशानी भी नहीं होती।

### फ्रिज से निकालकर तुरंत पानी न पिएं

अधिक ठंडा पानी पीना आपकी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। इससे आपके शरीर में खाना पचाने की क्षमता कम हो सकती है। एक्सपर्ट्स के हिसाब से आपको कमरे के तापमान पर या थोड़ा गर्म पानी पीना चाहिए।



### हाई मिनरल्स वाला पानी न पिएं

हाई मिनरल वाला पानी पीना शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है। इस पानी को अधिक पीने से आपके शरीर मैं कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। इसलिए जितना हो सके आप ज्यादा मिनरल वाला पानी कम से कम पिएं।

### खड़े होकर पानी न पिएं

खड़े होकर पानी पीने से पेट पर जबाव पड़ता है। इसलिए कोशिश करें कि पानी पीते वक्त बैठ जाए और आराम से पिएं।

# इन बीमारी वाले लोगों को सुबह के समय होती है बहुत खांसी, दिन निकलने के साथ हो जाती है कम



आसपास या घर में आपने कई ऐसे लोगों को देखा होगा जिन्हें सुबह के समय बहुत ज्यादा खांसी होती है। फिर दिन निकलने के साथ कम होने लगती है। ऐसी दिक्कत लोग सालों भर महसूस करते हैं। फिर मौसम बदलने के साथ ठीक हो जाते हैं। दरअसल, यह एक कॉमन बीमारी है जिसके कॉमन लक्षण है। इस बीमारी में फेफड़ा में हवा लगते ही इंफेक्शन होने लगता है। या कहें कि हवा लगते ही यह बीमारी ट्रिगर हो जाती है। जिसके कारण गले में खराश पैदा हो जाती है और फिर एलर्जी होने के कारण गले में खुजली और खांसी शुरू हो जाती है। इसी के कारण सुबह के वक्त हवा लगते ही खांसी तेज हो जाती है। आइए जानें इस बीमारी के लक्षण क्या-क्या है?

## इन 4 बीमारियों में होती है तेज खांसी

### क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज- सीओपीडी

क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज में फेफड़ों में ठंडा हवा लगने के बाद सांस की नली सिकुड़ने लगती है। जिसके कारण सांस लेने में दिक्कत होती है। सुबह की हवा ठंडी होती है और यह फेफड़े की बीमारी को ट्रिगर करती है। ऐसे में कार्बन डाई ऑक्साइड बाहर नहीं निकल पाती और शरीर के अंदर रह जाती है। इसमें फेफड़ों में ऑक्सीजन की कमी होने लगती है। जिसके कारण व्यक्ति को बहुत तेज खांसी होने लगता है। सीने में घरघराहट और सांस लेने में दिक्कत होने लगती है।

### अस्थमा

अस्थमा की बीमारी में सुबह के वक्त बहुत तेज खांसी होती है। वायु प्रदूषण और ठंड मौसम फेफड़ों को ट्रिगर कर सकती है। फेफड़े में एलर्जी होने लगती है और जिसकी वजह से इंसान खांसने लगते हैं। अस्थमा के मरीज के सांस की नली में सूजन और जलन होने लगती है। जिसकी वजह से बीमारी ट्रिगर होने लगती है। सांस की नली सिकुड़ने लगती है और व्यक्ति को सांस लेने में दिक्कत होती है जिसकी वजह से व्यक्ति को बहुत तेज खांसी होती है।

### ब्रोंकाइटिस

ब्रोंकाइटिस ब्रोन्कियल के मरीज के सांस की नली में सूजन होने लगता है। सुबह के वक्त फेफड़े में ठंडी हवा जाते ही गले में तेज खांसी होने लगती है। गले में सूजन और बैक्टीरिया होने लगता है जिसकी वजह से बीमारी ट्रिगर होने लगती है। हालांकि गंभीर होने पर सूखी खांसी के साथ बलगम निकलने लगता है।

### जीईआरडी-GERD

जीईआरडी गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स डिजीज पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारी है। जिसमें सीने में जलन और खट्टी डकार होने लगती है। इसमें गले में फेफड़ें और सूजन होने लगता है। इस बीमारी में भी सुबह-सबह खांसी होने लगती है।



# गोल्डन साड़ी पहन श्रिया सरन दिखीं बेहद खूबसूरत, स्टाइलिश ब्लाउज पर अटकी फैंस की निगाहें

साउथ फिल्म और बॉलीवुड फिल्म की एक्ट्रेस श्रिया सरन आए दिन अपनी बोल्ड और खूबसूरत तस्वीरें फैंस के बीच पोस्ट कर उन्हें अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर बवाल मचाता रहता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर होते ही लाइमलाइट में आ गई हैं। इन तस्वीरों में उनका ट्रेडिशनल अवतार देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। दृश्यम में अजय देवगन की ऑनस्क्रीन वाइफ का किरदार निभाकर लोगों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस श्रिया सरन आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस हर बार अपने नए-नए लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का दिल मचल देती हैं। हालिया फोटोशूट के दौरान भी एक्ट्रेस ने अपने एथनिक लुक से इंटरनेट पर बवाल मचा दिया है। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अंदाज देखकर फैंस की निगाहें उन पर टिकी रह गई हैं। श्रिया ने इस फोटोशूट के लिए गोल्ड कलर की साड़ी पहनी हुई है, साथ ही स्टाइलिश ब्लाउज से टिम अप किया हुआ है। एक्ट्रेस के डीपनेक स्टाइलिश ब्लाउज पर से फैंस की नजरें हटने का नाम नहीं ले रही है। माथे पर बिंदी, कानों में झुमके, कजरारी निगाहें, बालों का जुड़ा बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को खूबसूरती से निखारा है। श्रिया सरन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की जबरदस्त फैन फॉलोइंग लिस्ट है।

# सुखमनी सदाना ने कश्मीर में तनाव सीजन 2 की शूटिंग शुरू की

मनमर्जियां, सेक्रेड गेम्स और तांडव के लिए मशहूर अभिनेत्री सुखमनी सदाना स्ट्रीमिंग सीरीज तनाव के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू करने के लिए कश्मीर पहुंच गई हैं। वह शो के दूसरे सीजन में नुसरत फारूकी की अपनी भूमिका को दोहराती नजर आएंगी, जो प्रशंसित इजराइली शो फौदा का आधिकारिक भारतीय रूपांतरण है। नुसरत गहन जटिलता का एक चरित्र है, जो उदास और ग्रे रंगों में डूबा हुआ है, जो शो के परिदृश्य में साजिश की परतें जोड़ता है। पहले सीजन में अभिनेत्री को नुसरत फारूकी के किरदार को उसकी गहराई और प्रामाणिकता के लिए प्रशंसा मिली थी। शो में साहिबा बाली, अर्सलान गोनी, अमित गौर और सत्यदीप मिश्रा भी हैं। तनाव सीजन 2 और भी अधिक गहन और मनोरम कहानी पेश करने का वादा करता है।



# गदर 2 ने रचा इतिहास, बनी भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म

गदर 2 का जलवा 1 महीने बाद भी बॉक्स ऑफिस पर कायम है। फिल्म रिलीज के पहले दिन से ही नए-नए रिकॉर्ड बना रही है। यहां तक कि शाहरुख खान की जवान की सुनामी में भी फिल्म की कमाई कुछ खास प्रभावित नहीं हुई। सिनेमाघरों में डटी हुई इस फिल्म ने अब एक नया कीर्तिमान स्थापित कर लिया है। यह भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है। अभी तक यह रिकॉर्ड पठान के पास था।

जाने-माने ट्रेड एनालिस्ट और फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर यह जानकारी दी है। उन्होंने ट्वीट किया, गदर 2 ने भारत में पठान के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन (524.53 करोड़ रुपये) को पार कर लिया है और अब यह भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों में पहले स्थान पर है। गदर 2 ने रिलीज के 7वें हफ्ते में 2.75 करोड़ रुपये बटोरे। इसी के साथ भारत में फिल्म ने 524.75 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। भले ही गदर 2 ने पठान का रिकॉर्ड तोड़ डाला हो, लेकिन इसके पीछे शाहरुख की जवान है, जो जल्द ही यह रिकॉर्ड इससे छीन लेगी या यूं कहें कि गदर 2 का यह रिकॉर्ड बस कुछ ही दिनों का है।

रिपोर्ट के मुताबिक, एटली के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने अपनी रिलीज के तीसरे हफ्ते और 21वें दिन 4.85 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसी के साथ हिंदी वर्जन में अभी से इसने 519.69 करोड़ रुपये बटोर लिए हैं। गदर 2 2001 में आई फिल्म गदर का सीक्वल है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सनी देओल, अमीषा पटेल और उत्कर्ष शर्मा ने अहम भूमिका निभाई है। यह 500 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हुई पहली सबसे तेज हिंदी फिल्म भी बन चुकी है। गदर 2 ने 40 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला था। यह न सिर्फ सनी, बल्कि अमीषा की पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बनी थी।

# फिल्म फुकरे 3 ने बॉक्स ऑफिस पर उड़ाया गर्दा, कर डाली बंपर कमाई




भारतीय सिनेमा की चर्चित कॉमेडी फ्रैंचाइजी फुकरे की तीसरी किश्त फुकरे-3 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इसमें पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, मनजोत सिंह, ऋचा चड्ढा और पंकज त्रिपाठी जैसे कलाकारों ने अभिनय किया है। कॉमेडी से भरपूर फुकरे-3 को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की बेहतरीन प्रतिक्रियाएं मिल रही है, जिसके चलते फिल्म ने पहले दिन टिकट खिड़की पर शानदार कारोबार किया है। आइए जानते हैं फिल्म ने पहले दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

रिपोर्ट के अनुसार, फुकरे 3 ने अपनी रिलीज के पहले दिन 8.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। हालांकि, वीकेंड में फिल्म की कमाई बढ़ने की उम्मीद है। फुकरे 3 का निर्देशन मृगदीप सिंह लांबा द्वारा किया गया है, वहीं इसकी कहानी विपुल विग ने लिखी है। यह फिल्म फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी द्वारा निर्मित है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद फुकरे-3 अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

फुकरे साल 2013 में रिलीज हुई थी। महज 8 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था।यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। दूसरी ओर, फिल्म का दूसरा पार्ट फुकरे रिटर्न्स 2017 में आया था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 80.32 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। इन दोनों फिल्मों में अली फजल भी नजर आए थे।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# विशेष पिछडी जनजातियों को विकास के मुख्यधारा में लाने भूपेश सरकार प्रतिबद्धः मंत्री अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति समाज के लिए जिला मुख्यालय में 20 लाख रुपए की लागत से बैगा समाज के सामाजिक भवन का लोकार्पण किया। बैगा समाज के सदस्यों ने मंत्री श्री अकबर का पारंपरिक रूप से पगड़ी पहनाकर और बिरनमाला से स्वागत किया।**



उल्लेखनीय है कि केबिनेट मंत्री श्री अकबर के प्रयासों से कबीरधाम छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा जिला है, जहां विशेष संरक्षित एवं पिछड़ी बैगा जनजाति समाज के उत्थान के लिए जिला स्तरीय जमीन और बीस लाख रूपए भवन निर्माण के लिए दिया गया था। जिसके बाद ज़मीन का चिन्हांकन कर भवन निर्माण होने के बाद आज भवन का लोकार्पण किया गया। केबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने बैगा समाज को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश के नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातियों की संस्कृति, और उनके सरंक्षण और संवर्धन के साथ-साथ समाज को विकास के मुख्यधारा में लाने के लिए गई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए है। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में पांच विशेष पिछड़ी जनजातियां बैगा, अबूझमाड़िया, कमार, पहाड़ी कोरबा और बिरहोर निवासरत है। इन सभी विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में विशेष अभिकरण का गठन किया गया है। विशेष पिछडी जनजातियों की कला-संकृति और उनके वेश-भूषा की महत्व को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण फैसले लिए जा रहे है। उन्होंने कहा कि बैगा बोली और भाषा की विशेषता और महत्व को बनाए रखने के लिए बैगानी भाषा में पाठ्यपुस्तक का प्रकाशन किया गया है। अब यहां के बच्चे अपनी भाषा में भी पुस्तक का अध्ययन कर रहे है। उन्होने कहा कि प्रदेश में निवासरसत विशेष पिछडी जनजातियों को विकास के मुख्यधारा में लाने के लिए छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकार प्रतिबद्ध है और इसके लिए ठोस निर्णय भी लिए जा रहे है। आने वाले समय में यह पिछड़ी जनजातियां विकास और शिक्षा से जुड़ेगे। प्रदेश के कबीरधाम जिला पहला जिला है जहां बैगा समाज के पढे-लिखें सौकड़ों शिक्षित युवक-युवतियों को शाला संगवारी के रूप में चयन कर रोजगार से जोड़ा गया है। राज्य सरकार की नीति के परिणाम है कि आज बैगा समाज के युवक-युवतियां स्कूलों में बच्चों को पढ़ा रहे है। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि वनांचल और जंगलों के बीच सदियों से निवास करने वाले लोगों के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। इसके अलावा उन्हे आर्थिक रूप में मजबूत और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर देने के लिए वनोपज सग्रहण के लिए नीतियां बनाई गई है। अब राज्य सरकार द्वारा समितियों के माध्यम से 67 प्रकार के वनोपज की खरीदी कर रही है। वनोपज, महुआ का समर्थन मूल्य 17 रूपए से बढ़ाकर 33 रूपए प्रति किलो की दर निर्धारित किया गया है। तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 25 सौ रूपए से बढ़ाकर सीधे 4 हजार रूपए कर दिया गया है। प्रदेश भर में लघु वनोपज की खरीदी की नई व्यवस्था देने से प्रदेश के किसानों से लेकर वनो में निवारत लाखों वनवासियों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों को समाजिक सुरक्षा का लाभ देने के लिए सहित शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक समाजिक सुरक्षा योजना बनाई गई है। पूरे प्रदेश में इस योजना के तहत तेंदूपत्ता संग्राहक में लगे संग्राहक परिवारो को समाजिक सुरक्षा का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि संग्राहक परिवार के मुखिया की मृत्यु होने पर उनके उत्तराधिकारी को 4 लाख रूपए देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश के नई सरकार द्वारा लोक व जनकल्याण, किसानों, वन वासियों और प्रदेश के नागरिकों के आर्थिक उत्थान व उनके सर्वाग्रीण विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है।

कलेक्टर सहित नगर पालिका अध्यक्ष ने मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई हेतु 05 वाहनों को किया रवाना

# मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट के जरिए पशुधन के इलाज की घर पहुंच सेवा का हुआ शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा। नेताप्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 28 सितम्बर को बलौदाबाजार जिले के विकासखण्ड भाठापारा सुमाभाठा में आयोजित ''कृषक सह श्रमिक सम्मेलन 2023'' से मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई हेतु वाहनों को संचालक की अध्यक्षता में हरी झंडी दिखाकर जिला जांजगीर चांपा के 05 विकासखण्ड नवागढ़, अकलतरा, बम्हनीडीह, बलौदा एवं पामगढ़ हेतु रवानगी एवं शुभारंभ किया गया।**



इसी कड़ी में आज नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्री भगवान दास गढ़ेवाल, कलेक्टर सुश्री ॠचा प्रकाश चौधरी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर से मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई (एंबुलेंस वाहन) को जिले के 05 विकासखण्ड नवागढ़, अकलतरा, बम्हनीडीह, बलौदा एवं पामगढ़ के गौठानों में रोस्टर अनुसार शिविर हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर पालिका सभापति श्री रामविलास राठौर, इंजीनियर श्री रवि पांडे, अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ.ए. एल. सिंह सहित विभिन्न जनप्रनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें ने बताया कि मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई (एंबुलेंस वाहन) ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवायें प्रदान करना गौठान में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन, पशुओं के रोग प्रतिबंधात्मक टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, ऑन द स्पॉट रोग जांच सेवा प्रदान करना, विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार, रोग उद्धेद को नियंत्रित करना इत्यादि के उद्देश्य से संचालित किया जाना है। उक्त एंबुलेंस का संचालन प्रातः 08 बजे से सायं 04 बजे तक होगा एवं टोल फ्री 1962 नम्बर पर डायल किया जाकर जिले के समस्त पशुपालक चिकित्सा कॉल सेंटर से परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक दिवस जिले के रोस्टर अनुसार विकासखण्ड के 02 गौठानों में पशु चिकित्सा शिविर आयोजन किया जाएगा। जिले के समस्त पशुपालकों से अधिक से अधिक पशु चिकित्सा सुविधा प्राप्ति हेतु गौठानों में पशुओ को अवश्य लाने हेतु उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें द्वारा आग्रह किया गया है।

## खास खबर

### उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने महतारी एक्सप्रेस सेवा के लिए नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने महतारी एक्सप्रेस सेवाओं के लिए नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के पहले 50 एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेशभर में आज महतारी एक्सप्रेस सेवा के लिए विभिन्न जिलों में 200 नई एंबुलेंस भेजी गई हैं। इस सेवा के तहत वर्तमान में चल रहे पुराने एंबुलेंस के बदले सभी जिलों में नई एंबुलेंस उपलब्ध कराई जा रही है। महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस सेवा के जरिए गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए घर से अस्पताल और प्रसव के बाद अस्पताल से घर तक आने-जाने के लिए निःशुल्क सेवा प्रदान की जाती है। साथ ही एक वर्ष तक की उम्र वाले शिशुओं के लिए भी यह सेवा उपलब्ध है। टोल-फ्री नम्बर 102 पर फोन लगाकर ये सेवाएं ली जा सकती हैं।

### आयुष्मान भवः अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केसरी के नेतृत्व में आयुष्मान भवःअभियान के तहत जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा उपस्वास्थ्य केन्द्रों में आने वाले मरीजों के इलाज के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। साथ ही उन्हें अंगदान के लिए प्रेरित कर शपथ भी दिलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा सीएचसी कटघोरा में पदस्थ विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा शिविर में स्वास्थ्यगत् विभिन्न बीमारियों का उपचार किया गया तथा उपस्थित मरीजों को दवाईयॉ वितरण किया गया। स्वास्थ्य मेले में 292 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कर उपचार प्राप्त किया तथा 05 लोगों को आभा नम्बर जारी किया गया तथा 08 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया तथा 18 लोगों ने अंगदान हेतु पंजीयन कराया है। आयुष्मान भवः'' अभियान के तहत शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविर लगाकर सिकलिन जांच किया गया। अभी तक जिले में 122 आभा नंबर, 155 आयुष्मान कार्ड, अंगदान 175 हेतु रजिस्ट्रेशन हो चुका है, तथा कुल 2132 लोगों ने उपचार प्राप्त किया है। सीएमएचओ डॉ.केसरी ने बताया कि 04 अक्टूबर 2023 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोंड़ी-उपरोड़ा में स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जाएगा। इस स्वास्थ्य मेले में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा मरीजों को लाभान्वित किया जाएगा। अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की हैं साथ ही आयुष्मान कार्ड से छूटे हुए हितग्राही शिविर में अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है।

01 अक्टूबर को 01 घंटे का से स्वच्छता ही सेवा है विशेष अभियान

# भिलाई निगम के जनप्रतिनिधि श्रमदान कर स्वच्छता ही सेवा का देंगे संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत 01 अक्टूबर को निगम भिलाई के संपूर्ण 70 वार्डों में महापौर, पार्षद, स्कूल कॉलेज के छात्र, समाजसेवी, व्यवसायिक संगठन, स्वयं सेवी संस्था महिला समूह तथा शहर के आम नागरिकों द्वारा वृहद स्वच्छता अभियान में 01 घण्टा अपना श्रमदान कर महात्मा गांधी को स्वच्छता श्रद्धांजलि अर्पित करेगें। भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, महापौर परिषद के सदस्य सहित समस्त वार्ड के पार्षद 01 घंटा श्रमदान कार्यक्रम में शामिल होकर स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम को सफल बनायेगें।**




निगम आयुक्त रोहित व्यास ने बताया की भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा जारी परिपत्र के तहत 01 अक्टूबर को स्वच्छता से नागरिकों को जोड़ने विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। जिसमें सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में प्रातः 10 से 11 बजे 1 घंटा स्वच्छता श्रमदान से शहर के जनप्रतिनिधि, नागरिक एवं संस्थाऐं साफ-सफाई कर भिलाई को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में अपनी सहभागिता देंगे।

अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने सभी कर्मचारियों को अलग अलग कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसे पूरी निष्ठा व गंभीरता से क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करने कहा है। अभियान के तहत रहवासी क्षेत्र, खेल मैदान, बाजार क्षेत्र, सार्वजनिक क्षेत्र, मुक्तिधाम, कब्रिस्तान, मंदिर, गुरूद्वारा, गिरिजाघर, स्कूल, तालाब, उद्यान जैसे स्थलों को चयन किया गया है साथ ही गली मोहल्लों में भी सफाई अभियान चलाया जायेगा।

इस प्रकार 01 अक्टूबर को निगम क्षेत्र के सभी 70 वार्ड में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वार्ड सुपरवाईजर लोगो के घर-घर जाकर स्वच्छता श्रमदान में भाग लेने आमंत्रित कर रहे है तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुनादी भी करवाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग सफाई श्रमदान में भाग लें।

### सफाई के प्रति जन भागीदारी जरूरी

शासन के निर्देश अनुसार भिलाई निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत भिलाई को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए नागरिकों को जोड़ने के उददेश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। 15 सितंबर से शुरू हुए पखवाड़ा में निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में रैली, पाम्पलेट, नुक्कड़ नाटक जैसे आयोजनों से सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, सोकपिट का निर्माण, कम्पोस्ट पिट का निर्माण, प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्रीकरण, घर-घर कचरा एकत्रीकरण के लिए सामूहिक श्रमदान किया जाएगा। इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों की जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# भाजपा को छत्तीसगढ़ के बहुसंख्यक आबादी पिछड़ा वर्ग से इतनी नफरत क्यों - कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में बहुसंख्यक आबादी के नेता, पिछड़ा वर्ग के किसान पुत्र भूपेश बघेल का मुख्यमंत्री होना भारतीय जनता पार्टी के नेता नेताओं को बर्दास्त नहीं हो रहा है। यही वजह है कि भाजपाई लगातार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफव्यक्तिगत तौर पर स्तरहीन टिप्पणी कर रहे हैं। पहले प्रतापगढ़िया रमन सिंह ने भूपेश बघेल को छोटा आदमी कहा, चूहा, बिल्ली और कुत्ता तक कहा, फिर भाजपा प्रभारी डी पुरंदेश्वरी ने थूक में बहाने की धमकी दी और अब इसी क्रम में विगत दिनों भाजपा के पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने सार्वजनिक मंच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जूते का कीड़ा कहकर अपमानित किया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सत्ता में रहने के दौरान छत्तीसगढ़िया संस्कृति, प्रथा, परंपरा, रीति रिवाज, खान पान को हिकारत भरी नजरों से देखने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेता राजनीतिक तौर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का मुकाबला कर पाने में पूरी तरह अक्षम है। भूपेश सरकार में छत्तीसगढ़ में जो आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक समृद्धि आई है, छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान और आत्मसम्मान की पुनर्स्थापना हुई है तो भाजपाईयों को पीड़ा हो रही है। भाजपा ने सदैव ही ओबीसी वर्ग का अहित ही किया है। पिछड़ा वर्ग के खिलाफ़ षड्यंत्र करनेवाले भाजपाई दुर्भावना पूर्वक पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर मुख्यमंत्री के खिलाफ़ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। इरादातन किए जा रहे अपमान पर छत्तीसगढ़ की जनता और पिछड़ा वर्ग भाजपा को माफ़ नहीं करेगा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा ने सदैव वही छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग को उपेक्षित ही रखा है। इतिहास गवाह है कि भाजपा के पिछड़ा वर्ग के तत्कालिन बड़े नेता ताराचंद साहू को अपनी उपेक्षा का शिकार होकर भाजपा छोड़ने मजबूर होना पड़ा। अब वही स्थिती चंद्रशेखर साहू की है। 15 साल के रमन राज में प्रतापगढ़िया रमन सिंह, रतलामी मूणत, राजस्थानी और गुजराती भाजपा नेताओं ने भाजपा के स्थानीय एससी, एसटी, ओबीसी नेता और कार्यकर्ताओं का भरपूर शोषण किया। 15 साल छत्तीसगढ़ में सत्ता में रहते छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान और आत्मसम्मान को कुचलते रहे। भूपेश सरकार में जब स्थानीय एसटी, एससी, महिलाओं और सर्वाधिक आबादी वाले पिछड़ा वर्ग को सत्ता में प्रमुखता से भागीदारी निभाने का अवसर मिला है तो भारतीय जनता पार्टी के सामंतवादी नेताओं को हजम नहीं हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेता यह हजम नहीं कर पा रहे हैं कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग से हैं। प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष के तौर पर भी पिछड़ा वर्ग के नेता को अवसर मिला है। सरकार में प्रदेश के गृहमंत्री पिछड़ा वर्ग से आते हैं। यही नहीं उच्च शिक्षा और खेल मंत्री सहित अधिसंख्यक विधायक, निगम, मंडल, आयोगों के अध्यक्ष के रूप में पिछड़ा वर्ग के लोगों को अवसर मिला है।

# हरदिया साहू समाज के सामूहिक विवाह का आयोजन पूरे समाज के लिए एक मिसालः मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। भूमि आबंटन में रियायत प्रदान करने पर मुख्यमंत्री का जताया आभारभूमि आबंटन में रियायत प्रदान करने पर मुख्यमंत्री का जताया आभारभूमि आबंटन में रियायत प्रदान करने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के हरदिया साहू समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की।**



इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन एवं रायपुर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री पंकज शर्मा भी मौजूद थे।

प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट के बैठक में हरदिया साहू समाज को शासकीय भूमि आबंटन में रियायत प्रदान करने के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री श्री बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में सभी वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए संचालित जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की भी सराहना की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मुलाकात के दौरान कहा कि हरदिया साहू समाज द्वारा सामूहिक विवाह के आयोजन को पूरी तरह से अपनाया जाना पूरे समाज के लिए एक मिसाल है, जो अन्य समाज के लिए भी प्रेरक है। आज के जमाना में शादी-व्याह का कार्यक्रम बहुत खर्चीला हो गया है। ऐसे दौर में हरदिया साहू समाज के हर घर-परिवार द्वारा सामूहिक विवाह को प्राथमिकता देना एक अनुकरणीय पहल है।

प्रतिनिधिमंडल में हरदिया साहू समाज के पदाधिकारी सर्वश्री डेरहा राम साहू, भुवनलाल, भागीरथी, हेमंत, मुकेश साहू, ठाकुर राम, चोवा राम, श्रीमती गणेशा साहू, श्रीमती प्रेरणा साहू, श्रीमती निशा साहू, श्रीमती अनूपा साहू, श्रीमती शशि साहू, मनोज, विनय, प्रमोद साहू, पुनाराम, प्रहलाद, कृष्णा साहू, सुरेश, ललित साहू आदि उपस्थित थे।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### तेज रफ्तार डीजे वाहन पलटी , 11 लोग हुए घायल

**बेमेतरा ( ए )।** रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे में नांदघाट के पास हादसा हुआ है। यहां के चिचोली में तेज रफ्तार डीजे वाहन पलट गई है। हादसे में कुल 11 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों का नांदघाट का सिद्धिविनायक अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायलों में एक की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि डीजे वाहन का टायर फट गया था, जिसके कारण ये हादसा हुआ।

जानकारी के अनुसार डीजे वाहन बिलासपुर से चरोदा जा रही थी। वाहन में 20 लोग सवार थे। सभी गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए जा रहे थे। तभी नांदघाट थाना क्षेत्र के चिचोली के नेशनल हाईवे पर डीजे वाहन का टायर फट गया। जिसके बाद यह दुर्घटना हुई। दुर्घटना में वाहन सवार 11 लोग घायल हो गए। राहगीरों ने आनन फानन में घायलों को नांदघाट के सिद्धिविनायक अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है। एक की हालत गंभीर है। जबकि अन्य की हालत सामान्य बताई जा रही है। डीजे वाहन पर ज्यादा लोग सवार थे। सभी गणेश पूजा के बाद गणेश मूर्ति का विसर्जन करने जा रहे थे। तभी यह दुर्घटना हुई। समय रहते सड़क पर मौजूद लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया। नहीं तो परेशानी ज्यादा बढ़ सकती थी।

### चंदा देने से किया इनकार तो बदमाशों ने दुकान में घुसकर की मारपीट और लूट का प्रयास

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में दुकान में घुसकर दुकानदार से मारपीट और लूट के प्रयास का मामला सामने आया है। खबरों के अनुसार बदमाशों ने पहले चंदा मांगा, लेकिन दुकानकार के मना करने पर लूट का प्रयास किया। दुकानदार से मारपीट और लूट के प्रयास की पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। पुलिस सीसीटीवी की मदद से दुकानदार से मारपीट और लूट का प्रयास करने वाले बदमाशों की तलाश कर रही है। दरअसल, यह मामला गुढियारी थाना क्षेत्र के गोगांव इलाके का है। जानकारी के अनुसार यहां एक दुकान में चार बदमाश चंदा के लिए आए। दुकानदार ने चंदा देने से इनकार कर दिया तो बदमाश ने जबरन वसूली के लिए धमकाने लगे। इसके बाद दुकानदार ने विरोध किया तो बदमाशों ने पहले उसकी जमकर धुनाई की फिर लूट का प्रयास किया।

# बिलासपुर में 14 जगहों पर चोरी, 300 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद आरोपी तक पहुंची पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर। बिलासपुर पुलिस की एसीसीयू और सिविल लाइन थाने की टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने शहर में 14 चोरियों को अंजाम देने वाले सरगना लोकेश श्रीवास और उसके साथी शिवा चंद्रवंशी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने कुछ दिन पूर्व दिल्ली के जंगपुरा के 25 करोड़ की चोरी में भी संलिप्त थे। उनके पास से 18.50 किलो सोने और हीरे के जेवर समेत 12.50 हजार रुपये नकद जब्त किये गए हैं।**



बिलासपुर पुलिस ने बताया कि बीते 19 अगस्त को बिलासपुर के श्रीराम क्लाथ मार्केट स्थित 5 बड़ी दुकानों और 25 अगस्त को सत्यम चौक से अग्रसेन चौक के बीच स्थित 5 बड़ी दुकानों समेत कुल 10 दुकानों में अज्ञात चोर द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इन मामले में पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी, पुलिस ने 300 सीसीटीवी फुटेज को खंगालने पर आरोपी के कबीरधाम जिला का निवासी होना पाया गया।


जिसे पकड़ने हेतु घटना के दिन से टीम आरोपी के निवास और रिश्तेदारों के निवास के आसपास डेरा जमाये हुए थी। इसी बीच 28 सितंबर को घटना के मुख्य आरोपी लोकेश श्रीवास अपने साथी शिवा चन्द्रवशी के साथ अपने निवास के आसपास दिखाई दिया। पुलिस ने रेड कार्रवाई की, जहां शिवा चन्द्रवंशी को हिरासत में लिया गया। लेकिन मुख्य आरोपी लोकेश श्रीवास घर की खिड़की से कूद कर भाग गया। शिव चन्द्रवंशी को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से करीब 23 लाख रुपये के जेवरात जब्त किया गए।

पुलिस ने आरोपी लोकेश श्रीवास को दुर्ग के स्मृतिनगर से पकड़ा। पूछताछ में अलग-अलग मामलों में चोरी किए गए 12 लाख 50 हजार रुपये के नगद और साढ़े अठारह किलो के जेवरात बरामद की गई। लोकेश श्रीवास द्वारा कुछ दिनों पूर्व दिल्ली में हुई करीब 25 करोड़ की बड़ी चोरी की घटना में शामिल होना बताया। बिलासपुर पुलिस ने शुक्रवार को दोनों को आरोपियों को पेश कर पूरे मामले का खुलासा किया। इस मामले में अलग अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की गई है। दोनों आरोपियों को दिल्ली पुलिस ने भी तलब किया है।

## तेज रफ्तार ट्रेलर ने मारी ठोकर, ऑटो चालक की मौत

**दुर्ग।** जिले में एक ट्रेलर ने ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो चालक सड़क पर जा गिरा। उसके सिर में गहरी चोट आने से उसकी मौत हो गई। उसके बेटे को सामान्य चोटें आई हैं। पुलिस ने बच्चे को परिजनों के हवाले कर दिया है।

खुर्सीपार थाना प्रभारी उमेंद टंडन ने बताया कि मृतक ऑटो चालक की पहचान उमेश कुमार बंजारे (36 साल) के रूप में हुई है। वो रायपुर के टिकरापारा का रहने वाला था। अपने 8 साल के बेटे प्रियांश को



लेकर भिलाई में डॉक्टर को दिखाने आ रहा था। उमेश इलेक्ट्रिक ऑटो सीजी 04 एनटी 3759 लेकर जैसे ही खुर्सीपार थाने के पास पहुंचा पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे टक्कर मार दी। ऑटो असंतुलित हुआ और उमेश नीचे सड़क पर जा गिरा। इससे उसके सिर में गहरी चोट आई। उसे तुरंत 112 से लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

खुर्सीपार पुलिस ने आरोपी ट्रेलर चालक को गिरफ्तार कर ट्रेलर को जब्त कर लिया है। उमेश के बच्चे प्रियांश को थाने लेकर गई। उसको अधिक चोट नहीं आई थी। उसके परिजनों को रायपुर से बुलवाया गया और फिर उसे परिजनों को सौंप दिया गया।

## सिनेमा हॉल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** जिले के गौरेला क्षेत्र के रिहायशी इलाके में स्थित एक बंद पड़े सिनेमा हॉल में शॉर्ट सर्किट के बाद आग लग गई। सुबह लोगों ने जब मलिक को इसकी सूचना दी तब स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हालांकि आग से थियेटर में रखे लाखों रुपयों का सामान जलकर खाक हो गया। गौरेला पुराना बस स्टैंड मुख्य मार्ग पर रहवासी इलाके में स्थित सिनेमा हॉल अन्नपूर्णा थिएटर में शनिवार सुबह आसपास के लोगों को धुएं की लपट दिखाई दी तो लोगों ने इसकी सूचना सिनेमा हॉल संचालक को दी।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बेमेतरा (छ.ग.)

:: ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा सूचना ::

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्य के लिये छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में **श्रेणी-डी** एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | सिस्टम नम्बर | द्वितीय निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख मे) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 148448 | 183 | Providing, laying, jointing, testing and commissioning of Distribution Network 100mm to 150mm dia D.I. K-7 Pipe with suitable joints all fittings including all allied civil works with testing and 03 months trial run under Bemetara Aug. Water Supply Scheme, District – Bemetara.<br>100mm dia D.I. K-7 pipe - 1800<br>150mm dia D.I. K-7 pipe - 550 | **60.19** |

1. बिड प्रारंभ की तिथि – 03.10.2023
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि – 17.10.2023

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 03.10.2023 से देखे जा सकते है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बेमेतरा (छ.ग.)

जी-05777/6

## लग्जरी कार से गांजे की तस्करी, जांच में पकड़ाया तस्कर, 26 किलो गांजा जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में पुलिस ने गांजा तस्कर को पकड़ा है। लग्जरी कार में शख्स गांजे की तस्करी कर रहा था। तस्कर के कब्जे से 26 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमती 02 लाख 60 हजार रुपए एवं तस्करी में प्रयुक्त कार जप्त को जब्त किया गया। मामला जिले के तुमला थाना क्षेत्र का है। आरोपी के खिलाफ धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



दरअसल नशे का कारोबार करने वालों के विरूद्ध वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा त्वरित एवं लगातार कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में जिले के थानाचौकी प्रभारियों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। तुमला पुलिस ने डीआईजी व एसएसपी जशपुर डी. रविशंकर के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई की है। ओडिशा से बड़ी मात्रा में गांजा तस्करी कर छत्तीसगढ़ में खपाने की तैयारी कर रहे आरोपी को जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि टिकलीपारा का भुनेश्वर यादव कार में ओडिशा की ओर से अवैध रूप से भारी मात्रा में गांजा लेकर आ रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस ने तुमला तिराहा रोड में नाकाबंदी कर कार को रोककर कार की चेंकिग की। चेकिंग के दौरान कार से 26 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने बरामद गांजे के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी तुमला निरीक्षक भरत लाल साहू, प्रधान आरक्षक जेम्स खलखो, आरक्षक सुजीत खाखा, बलराम साय, रूबेन तिग्गा, हीरालाल यादव, भागेश्वर साय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## झोलाछाप डॉक्टर की भेंट चढ़ी महिला, इलाज कराने पहुंची और इंजेक्शन लगाने के बाद हो गई मौत

**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में एक महिला की मौत झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही के कारण हो गई। जिले के नैला के दर्री पारा में झोलाछाप डॉक्टर से इंजेक्शन लगवाने के बाद महिला तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। मृतक महलि की पहचान किरन ताम्रकार के रूप में हुई है। महिला की मौत के बाद परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है और कार्रवाई की मांग की गई है। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद झोलाछाप डॉक्टर फरार है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कन्हाईबंद के रहने वाले राकेश ताम्रकार पत्नी किरन ताम्रकार के साथ गुरुवार की शाम करीबन चार बजे नैला रेलवे स्टेशन पर बने गणेश की मूर्ति देखने आए हुए थे। गणेश भगवान के दर्शन कर अपने घर जा रहे थे तभी किरन ने अपने पति



को बुखार होने की जानकारी दी। जिसके बाद वे दोनो नैला के दर्री पारा में झोलाछाप डॉक्टर सुनील प्रधान के क्लीनिक गए और इंजेक्शन लगवा लिया। इंजेक्शन लगाने के बाद किरन की तबीयत खराब होने लगी तभी उसे उपचार के लिए जि ला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 25.09.2023

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
तृतीय आमंत्रण

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "ब" में आईटम दर पर दिनांक 10.10.2023 तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 285/दुर्ग(दुर्ग)/2023 | आई.टी.आई.पाटन (वि.खं.पाटन) जिला दुर्ग में टाटा टेक्नोलॉजिस पुणे के सहयोग से प्रीफैब वर्कशॉप शेड का निर्माण विद्युतीकरण कार्य सहित। | 190.21 |

टीप

1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. कमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधिक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष-0788-2210876

जी-05818/9

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़

दुर्ग, दिनांक 25.10.2023

( ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना )
( द्वितीय आमंत्रण )

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर दिनांक 10.10.2023 तक अमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 280/दुर्ग(दुर्ग)/2023 | मुख्यमंत्री सुगम सडक योजना अंतर्गत वि.ख. दुर्ग के ग्राम मतवरी में आंगनबाडी केन्द्र क्रं. 02 से गौठान से बिसत बंजारी के घर ती सी.सी. रोड 460 मी. निर्माण कार्य | 20.85 |
| 281/दुर्ग(बालोद)/2023 | लोक निर्माण विभाग अनुविभाग क्रं 02 के अंतर्गत हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन पटेली में 06 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 44.42 |
| 282/दुर्ग(राज.)/2023 | जिला मोहला-मानपुर-ए. चौकी में BU, CU, VVPAT के भण्डारके लिए गोदम का निर्माण | 64.88 |
| 283/दुर्ग(राज.)/2023 | जिला राजनांदगांव के ग्राम पंचायत पनेका से बायपास (NH) मार्ग लं. 1.60 कि.मी.पाईप पुलिया कार्य । | 169.47 |
| 284/दुर्ग(खैरागढ़)/2023 | उपसंभाग डोंगरगढ़ के अंतर्गत विभिन्न मार्गो के पुल-पुलियों का मरम्मत कार्य। | 40.00 |

टीप


1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. कमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधिक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष-0788-2210876

जी-05796/6

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095



भिलाई मसाला उद्योग




शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.



रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006



भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता



कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### कलेक्टर ने किया केन्द्रीय विद्यालय का निरीक्षण

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने केन्द्रीय विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लैब का अवलोकन किया। प्रयोगशाला प्रभारी से प्रयोग के सामानों की स्थिति एवं प्रयोग की गतिविधियों से संबंधित जानकारी ली। साथ ही लैब में आवश्यक रसायनों एवं उपकरणों की पूर्ति के निर्देश दिए। इसी दौरान उन्होंने विद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में प्राचार्य से विद्यालय से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने प्राचार्य को विद्यालय प्रबंधन एवं विद्यार्थियों को पढ़ाई में होने वाली समस्याओं की पहचान कर उसका निराकरण करने कहा। इस दौरान बैठक में विद्यालय के प्राचार्य व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### बहादुर कलारिन सम्मान पुरस्कार वर्ष 2023 के लिए आवेदन 10 अक्टूबर तक आमंत्रित

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफसंघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली महिला को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2023 प्रदान किया जाना है। पुरस्कार के रूप में एक महिला को 02 (दो) लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-दुर्ग को 10 अक्टूबर 2023 तक सीलबंद लिफाफे में एवं लिफाफे के ऊपर बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2023 अंकित कर जमा करना होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा। पुरस्कार के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट www.durg.gov.in पर अथवा कार्यालय के सूचना पटल मे अवलोकन किया जा सकता है।

### सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक संपन्न

**दुर्ग।** जिले में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अत्याचार निवारण अधिनियम-1995 एवं संशोधन नियम-2016 के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आज सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में विगत बैठक में पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरण, विशेष लोक अभियोजक द्वारा सम्पादित न्यायालयीन प्रकरण, राहत राशि स्वीकृत प्रकरण तथा इस संबंध में दर्ज प्रकरणों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास संयुक्त कलेक्टर एचएस मिरी, विशेष लोक अभियोजक, अ.जा.क. थाना प्रभारी और समिति सदस्य उपस्थित थे।

### रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल के सभागार में विभागीय हिंदी राजभाषा कार्यशाला का आयोजन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल के सभागार में विभागीय हिंदी राजभाषा कार्यशाला का आयोजन 26 सितम्बर 2023 को किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक टी दस्तीदार ने अपने उद्बोधन में हिंदी भाषा में कार्य करने पर बल दिया, जिससे हिंदी भाषा का व्यापक प्रसार प्रचार हो सके। महाप्रबंधक समीर सिंह ने कार्यस्थल पर हिंदी भाषा का प्रचार करने पर जोर दिया। विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी सुनील शुक्ला द्वारा हिंदी में लाग बुक लिखने, हस्ताक्षर करने व ई-मेल हिंदी में भेजने और सैप में भी नोट शीट हिंदी में बनाने के लिए अपील किया गया। राजभाषा विभाग के अधिकारी मानिकपुरी द्वारा गूगल यूनिकोड द्वारा हिंदी के डैमो को प्रदर्शित किया गया, जिसे सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने सराहा। इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन सहायक महाप्रबंधक (मिल जोन-2) नरेन्द्र इंगले द्वारा दिया गया।

# विधायक देवेन्द्र यादव की प्रगति यात्रा, सोलर स्ट्रीट लाइट और सामुदायिक भवन की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार प्रगति यात्रा कर रहे हैं। इस प्रगति यात्रा के दौरान विधायक लाखों की सौगात दे रहे हैं। विधायक देवेंद्र यादव की पहल से 29 सितंबर को बापूनगर के लोगों को करीब 1 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात मिली है। 15 लाख की लागत से मस्जिद एवं जलाराम मंदिर के दोनों ओर पेंवर ब्लॉक लगाने का कार्य संपन्न किया गया है।



इसी प्रकार साढ़े 19 लाख की लागत से वार्ड 43 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य खुर्सीपार में पूरा कर लिया गया है। जिसका आज विधायक श्री यादव ने वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के हाथों से फीता कटवाकर लोकार्पण करवाया है। इसी प्रकार कई प्रकार के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया है।

29 सितंबर को वार्ड 43 बापूनगर में प्रगति यात्रा निकाली गई। इस दौरान विधायक ने वार्ड में करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात दी। कई समाजिक भवन का लोकार्पण भी विधायक श्री यादव ने किया। इस दौरान वार्डवासियों के साथ मिलकर विधायक श्री यादव ने प्रगति यात्रा के दौरान विकास कार्यों का भूमिपूजन किए और लोकार्पण भी किए। वार्ड में प्रगति यात्रा करते हुए पैदल-पैदल सभी गलियों और लोगों के घरों से होते हुए लोगों से मिलते गए। लोगों का हालचाल जाना और वार्ड की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान वे बड़े बुजुर्गों को प्रणाम किए। युवाओं से गले मिले हाथ मिलाए और छोटो से स्नेह दिए। चौक-चौराहो में बैठकर लोगों के साथ बातचीत की और वार्ड के विकास को लेकर जानकारी ली। कई विकास कार्यों की सौगात दी।

#### सेक्टर 6 कालीबाड़ी में 10 लाख की लागत से बनेगा डोमशेड

वार्ड 43 के अलावा विधायक श्री यादव ने आज कालीबाड़ी से बंगाली समाज के लोगों को भी बड़ी सौगात दी है। कालीबाड़ी में करीब 10 लाख की लागत से डोम शेड का निर्माण करवाया जाएगा। जिसका आज भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। जिसके मुख्य अतिथि विधायक श्री यादव रहे। काली बाड़ी से जुड़े वरिष्ठ व सम्मानित नागरिकों के हाथों से विधि विधान के साथ भूमिपूजन कार्यक्रम करवाया गया है। जल्द ही इसका काम शुरू किया जाएगा। 5 लाख की लागत से वार्ड 43 बापूनगर में गुरूघासीदास भवन के पास नहर किनारे मिनी गार्डन बनाया गया है। साढ़े 10 लाख की लागत से सौर ऊर्जा से चलित एलईडी लाइट लगाई गई हैं। 12 लाख की लागत से राजीव नगर दुर्गा पंडाल के समीप शेड निर्माण किया गया है। 8 लाख की लागत से सामुदायिक भवन सह शौचालय निर्माण कार्य किया गया है। 8 लाख की लागत से बापूनगर में बड़ी पुलिया बनाया गया है। जिसका आज विधायक श्री यादव ने वार्डवासियों के साथ मिलकर फीता काटकर लोकार्पण किया गया ।

#### इन विकास कार्यो का हुआ भूमिपूजन

8 लाख की लागत राजीव नगर पीपल पेड़ के समीप शेड निर्माण किया जाएगा। 1 लाख की लागत से बापूनगर में बोर खनन किया जाएगा। 1 लाख की लागत से अन्य जगह पर बोर किया जाएगा। 10 लाख की लागत से बापूनगर अम्बेडकर भवन के अंदर डोमशेड निर्माण एंव भवन संधारण किया जाएगा। 1 लाख की लागत से बोर खनन किया जाएगा। इन सभी विकास कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे। इनका विधायक श्री यादव के हाथों भूमिपूजन किया गया।

# मोर मकान- मोर आस के पांचवे चरण में 25 परिवारों को मिला अपना पक्का आशियाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत निर्माणधीन प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान मोर आस के तहत आज सेंट्रल लाइब्रेरी डाटा सेंटर में पांचवे चरण की लॉटरी निकली गई।



लॉटरी की प्रक्रिया अध्यक्ष छग राज्य ग्रह भंडार व विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,एमआईसी सदस्य, संजय कोहले,अनूप चंदनिया के विविध उपस्थिति में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा सभी आबंटित हितग्राहियो को विश्वास दिलाया गया कि आगामी 2 माह के भीतर में पोटियाकला तथा गणपति विहार के घरों की चाबियां हितग्राहियो को सौप दी जाएगी,बशर्त सम्पूर्ण हितग्राही अंशदान राशि जमा किया गया हो। विधायक अरुण वोरा ने मौजूद हितग्राहियों को पक्के आवास मिलने पर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आवासहीनों को आवास उपलब्ध कराया,राज्य शासन की पहली प्राथमिकता का केंद्रबिंदु है।महापौर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि आज दिनाँक तक कुल 199 परिवारों को आवास आबंटन किया जा चुका है।इसमें गणपति विहार में 61 आवास,पोतीयकला में 57 आवास,गोकुल नगर में 29 आवास,सरस्वती नगर में 27 आवास तथा माँ कर्मा बोरसी में 9 एवं फार्च्यून में 16 आवास शामिल है।

इस दौरान सभापति राजेश यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हितग्राहियो से अनुरोध किया गया कि जल्द से जल्द आबंटन पत्र तथा ऋण की भी सुविधा मुहैया कराई जाती है।कार्यक्रम के अवसर पर नोडल अधिकारी दिनेश नेताम ने जानकारी में बताया कि हितग्राहियो द्वारा अंशदान की राशि 1 करोड़ 72 लाख नगर पालिक निगम दुर्ग के कोष में जमा किया जा चुका है।कार्यक्रम में सुडा द्वारा पदस्त विशेषज्ञ प्रीतेश वर्मा,दीपक संचेती, आशुतोष ताम्रकार,रामदास साहू,ललित साहू,नंदिनी यादव आदि मौजूद रहें।

# शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित हुए आई एंड ए जोन के कार्मिक



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के इन्स्ट्रूमेंटेशन एवं आटोमेशन जोन में दिनांक 28 सितम्बर 2023 को षिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इन्स्ट्रुमेंटेशन एवं आटोमेशन जोन में आयोजित शिरोमणि पुरस्कार समारोह में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्षित करने वाले कर्मचारियों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

माह जुलाई 2023 के लिये नन्द किशोर गुप्ता को कर्म शिरोमणि पुरस्कार सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक प्रभारी संत कुमार केशकर ने की। कार्यक्रम में उपस्थित इन्स्ट्रुमेंटेशन के महाप्रबंधकगण बी मधु पिल्लई, जी के कुण्डू, ए एम डैनी, रजनीश जैन, सिम्मी गोस्वामी तथा इन्कास विभाग के महाप्रबंधक एम पी सिंग ने पुरस्कार विजेताओं को स्मृति चिन्ह, प्रवीणता प्रमाण पत्र, उनके जीवन साथी के लिये प्रशंसा पत्र प्रदान किया। उपस्थित सभी अतिथियों ने कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले शिरोमणियों के कार्यस्थल में योगदान एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों को सराहा।

## विधायक एवं महापौर ने वार्ड 13 में हाई मास्क लाइट लगाने व सीमेंटीकरण सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज वार्ड क्रमांक 13 में विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल ने लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी,जलकार्य प्रभारी संजय कोहले समेत वार्ड नगरिको के बीच हाई मास्क ट्यूबलर पोल में प्रकाश व्यवस्था का भूमिपूजन किया।

ट्यूबलर पोल में प्रकाश व्यवस्था होने से चौक व वार्डो में रोशनी जगमगायगा,बता दे कि वार्ड क्रमांक 13 अग्रसेन चौक से आईएमए चौक सिकोला भाठा तक एवं इंद्रलोक प्रांगण के करीब से देवेंद्र यादव के निवास तक जिसकी लागत 29.59 लाख बताई गई है।वही इंद्रलोक से लेकर देवेंद्र यादव के घर तक सीमेंटीकरण निर्माण कार्य और आर्य नगर दीपांशु काबरा के घर के सामने उद्यान में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य भूमिपूजन किया गया गया।विधायक अरुण वोरा ने आज प्रस्तावित विकास कार्यो के लिये भूमिपूजन किया।इसके बाद वे वार्ड में विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल पैदल चलकर लोगों से मुलाकात की।

और लोगों का हालचाल जाना एवं वार्ड की समस्याओं के बारे में भी अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने बड़े बुजुर्गों को प्रणाम कर आशीर्वाद लिए।लोगों के साथ बातचीत की और वार्ड के विकास की जानकारी ली।

# डेंगू की रोकथाम के लिए सघन अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज आज 29 सितम्बर 2023 को 01 नये प्रकरण डेंगू एलिजा पॉजिटिव के मिले। वर्तमान में 10 मरीज भर्ती है एवं कोई भी मरीज की गंभीर स्थिति नहीं है।



मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। डेंगू एलिजा पॉजिटिव के नया मरीज हार्डवेयर लाईन सुपेला का रहवासी है। नगर निगम भिलाई, चरोदा, रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र,एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है। डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र, स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण/शहरीय की टीम द्वारा कुल 111431 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है, जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-150720 जिनमें से 52760 खाली कराये गये। सभी कंटेनरों में 88728 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया, 114167 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम के अनुसार जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम एवं मीडिया के द्वारा लगातार लोंगों से यह अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा।

उस दिन घर के सारे कन्टेंनर जैसे कुलर, पानी टंकी व अन्य जिसमें बारिश का पानी एकत्रित हो उसको समतल जगह में उस पानी की निकासी की जाये। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कारगर होगा। अपील नही मानने पर यदि किसी घर मे पहली बार लार्वा मिलता है तो नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा समझाईश दी जाएगी और दुसरी बार लार्वा मिलने पर 500 रूपए से लेकर 5000 रूपए तक का अर्थदंड वसूला जाएगा जिसकी जवाबदारी स्वंय की होगी।

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जे.पी.मेश्राम एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.सी.बी.एस.बंजारे के द्वारा लोगों से यह अपील की जाती है कि बुखार आने पर मलेरिया एवं डेंगू की जाँच की जाये।

# चेम्बर के सदस्य करेंगे बाजारों की सफाई, एक अक्टूबर को चलेगा स्वच्छता ही सेवा है अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा है अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 1 अक्टूबर को चेंबर के सदस्य बाजारों में सफाई कार्य करेंगे। सभी बाजारों में चेम्बर के सदस्य एक घंटे का श्रम दान देते हुए रविवार 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक बाजारों में सफाई करेंगे।



प्रसार प्रभारी शंकर सचदेव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आह्वान पर स्वच्छता ही सेवा है अभियान को भिलाई चेम्बर द्वारा भिलाई की सभी बाजारों में 1 घंटा चलाया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने शुक्रवार को प्रदेश मंत्री अजय भसीन व गार्गी शंकर मिश्रा के नेतृत्व में भिलाई चेम्बर की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी बाजारों में यह श्रमदान अभियान किया जाएगा। इस संबंध में अजय भसीन ने बताया कि इस कार्यक्रम में भिलाई के सभी बाजारों में व्यापारी प्रतिनिधि नियुक्त किये गए हैं जो अपने अपने क्षेत्रों में पूरी टीम के साथ सफाई करते हुए अपने बाजारों को स्वच्छ करके स्वच्छता ही सेवा है का संदेश देंगे। उन्होंने बताया कि जवाहर मार्केट में शिवराज शर्मा को प्रभारी बनाया गया। राजीव गुप्ता सर्कुलर मार्केट में यूरिनल क्षेत्र में अपनी टीम के साथ 1 अक्टूबर को श्रम दान करेंगे। राजकुमार जायसवाल को लिंक रोड से जलेबी चौक तक का प्रभारी नियुक्त किया गया। इसी प्रकार अनाज मार्केट पावर हाउस के लिए प्रेम ठकवानी, विनय सिंह को दक्षिण गंगोत्री, उत्तम चंद जैन व नरेश वासवानी सेक्टर 6, राकी अग्रवाल व हेमंत अरोरा को नेहरू नगर व स्मृति नगर,सुपेला अनाज मार्किट विनोद प्रसाद, होलसेल होजियरी मार्केट राकेश मल्होत्रा को प्रभारी नियुक्त किया गया है। सभी प्रभारी अपने अपने क्षेत्रों में 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक श्रमदान देकर अपने अपने बाजारों को स्वच्छता की ओर ले जाएंगे।

महामारी का रूप न ले इसलिए बरते एहतियात

# सर्दी-बुखार के मरीज मिलने पर स्वास्थ्य विभाग को दे जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में डेंगू और स्वाइन फ्लू जैसे गंभीर बीमारी घर न करे इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। सर्दी-खासी और बुखार के मरीज मिलने पर मितानीन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग को जानकारी दी जा रही है। साथ ही बुखार होने की शिकायत पर आस पास के घरों में अन्य मरीज तो नहीं इसकी पुष्टी भी की जा रही है।



मौसमी और जानलेवा बीमारी के संभावित मरीजों को चिन्हित करने के साथ ही जागरूकता अभियान चलाने जन स्वास्थ्य विभाग प्रभारी गोविन्द चतुर्वेदी ने बैठक ली। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग के कर्मचारी वार्डो में नजर रखे। सर्दी खासी बुखार के मरीज होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को सूचना दे। महापौर परिषद के सद्स्य गोविन्द ने कहा कि निगम कर्मी कितने घरों का सर्वे किए है इसका डाटा भी रखे। ताकि संभावित मरीज पाए जाने पर त्वरित कार्यवाही की जा सके। बैठक में महापौर परिषद के सद्स्य चन्द्रभान सिंह ठाकुर, अनुप डे, निगम सचिव व नोडल अधिकारी रोहित साहू, सहायक अभियंता आर.के.जैन, जनस्वास्थ्य विभाग के प्रभारी बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950